* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 07 नवंबर, 2024, गुरुवार, वर्ष 10, अंक 20, कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00




### शुभकामनाएं

आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, समेत तमाम झारखंड वासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। – **प्रबंधक**

### अवकाश की सूचना

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 07 नवंबर 2024 (गुरुवार) को अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक 09 नवंबर 2024 (शनिवार) को प्रकाशित होगा। – **प्रबंधक**

M BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# सीजीएल परीक्षा पर बाबूलाल-हेमंत आमने-सामने

विधानसभा चुनाव प्रचार में युवाओं की नौकरी और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों का मुद्दा जोर-शोर से उठ रहा है। इसे लेकर सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टियों एवं उनके नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप और जुबानी जंग का सिलसिला तेज है। बुधवार को इस मुद्दे को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोशल मीडिया पर आमने-सामने हो गये। बाबूलाल मरांडी ने जहां हेमंत सोरेन पर जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में एक-एक सीट को 25 लाख रुपये में बेचने का आरोप मढ़ा, वहीं हेमंत सोरेन ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा कि इस आरोप की सीबीआइ, इडी या दुनिया की किसी भी एजेंसी से जांच करा ली जाये और एक भी गलती निकल जाये, तो मुझे 50 साल के लिए जेल में डाल दीजिए।

## सीजीएल की एक-एक सीट के लिए 25 लाख तक की बोली लगी : बाबूलाल

- हेमंत सरकार में ऐसी रीति बन गयी है कि पढ़ने वाले पढ़ते रहें, पैसे वाले बढ़ते रहें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीट की बोली लगाये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट साझा कर कहा, काम के दाम मांगते, ऐसी तो अभिलाषा है। झूठ और अन्याय की, हेमंत इकलौती परिभाषा है। भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने के बाद हेमंत सरकार ने युवाओं के सुनहरे भविष्य को बर्बाद करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा में नौकरी देने के नाम पर सीट बेची जा रही है। छात्रों के भविष्य और सपनों की कीमत लगाकर हेमंत



सोरेन एवं उनके सहयोगी अपना पेट भरने में मस्त हैं। एक-एक सीट के लिए 25-25 लाख रुपये तक की बोली लग रही है, जिसके कारण छात्रों का हाल दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है। हाल यह है कि हेमंत सरकार में ऐसी रीति बन गयी है कि पढ़ने वाले पढ़ते रहें, पैसे वाले बढ़ते रहें।

## जांच हो जाये, गलती निकले तो 50 साल के लिए जेल में डाल दें: हेमंत

- भाजपा पोषित कोचिंग माफिया और पीआइएल गैंग परीक्षाओं को बाधित कर रहे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के मुद्दे पर लगाये गये आरोप के जवाब में जांच की चुनौती दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, भाजपा के पास इडी, सीबीआइ और अन्य एजेंसियों का कुनबा है। जांच करवा लीजिए। कोई गलती निकली, तो मुझे पांच महीने नहीं, 50 साल के लिए जेल में डाल दीजियेगा। उन्होंने कहा, रघुबर दास सरकार द्वारा पैदा की गयी परेशानियों को दूर करते हुए हेमंत सरकार परीक्षा ले रही है, लेकिन भाजपा पोषित कोचिंग माफिया और पीआइएल गैंग द्वारा झूठे केस कर परीक्षाओं को बाधित किया जा रहा है। जब वर्तमान सरकार ने पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून बनाया, तो भाजपा ने उसे काला कानून



बता कर हंगामा किया। उन्होंने बाबूलाल मरांडी से पूछा कि आखिर किसका हित साध रहे थे आप? आप लगातार नियुक्तियों को लटका रहे हैं। आखिर अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा की सिद्धि हेतु कितना गिरेंगे आप? झारखंड सरकार में लंबित हर एक नौकरी भाजपा की तमाम अड़चनों एवं साज़िशों के बावजूद मैं ही राज्य के युवाओं को दूंगा।

## मंडल मुर्मू का सिर काटने वाले को 50 लाख का इनाम!

- वायरल चैट पर सियासत गरम, चंपाई ने की सुरक्षा देने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बरहेट से हेमंत सोरेन के प्रस्तावक और हाल ही में भाजपा में शामिल होकर झारखंड की सियासत में हलचल मचानेवाले सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू का सिर काट कर लाने वाले को 50 लाख रुपये का इनाम देने के कथित एलान पर सियासत गरम हो गयी है। इस एलान के बारे में वायरल एक चैट का स्क्रीन शॉट पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने हैंडल से पोस्ट किया है। उन्होंने इसे बेहद गंभीर मामला बताते हुए इसे राजनीति का निम्नतम स्तर करार दिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि ऐसी धमकियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झारखंड पुलिस और साहिबंगज पुलिस को टैग करते हुए उन्होंने लिखा है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

चंपाई सोरेन ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और साहिबगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भी टैग करते हुए कहा है कि मंडल मुर्मू के परिवार की सुरक्षा का इंतजाम करें।

## अमेरिका में फिर ट्रंप सरकार पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

- डेमोक्रेट प्रत्याशी कमला हैरिस को हराया

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति का चुनाव जीत लिया है। उनकी जीत का औपचारिक एलान कर दिया गया है। घोषित परिणामों के मुताबिक ट्रंप को 277 इलेक्टोरल वोट मिले हैं। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी और डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस को 224 वोट मिले। कुछ राज्यों में मतगणना जारी है, लेकिन उनका अंतिम परिणामों पर कोई असर नहीं होगा। अनुमानों के मुताबिक अंतिम परिणाम में डोनाल्ड ट्रंप को 279 इलेक्टोरल वोट मिल सकते हैं, जबकि कमला हैरिस के खाते में 223 वोट होंगे। बता दें कि कुल 538 वोटों में जीत के लिए 270 वोटों की जरूरत होती है।

**पीएम मोदी ने दी बधाई :** डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग की आशा करता हूं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |



# खामोश है झारखंड का 'आयरन डोम' संथाल परगना

## ■ 18 विधानसभा सीटों पर बन गया है रोमांचक मुकाबले का सीन

## ■ राज्य की सियासत के केंद्रबिंदु इस इलाके में मुद्दों की कमी नहीं

## ■ हेमंत सोरेन-बाबूलाल मरांडी की क्षमता की हो रही कठिन परीक्षा

आजाद सिपाही विशेष

**विधानसभा चुनाव की आपाधापी और तेज सियासी गतिविधियों के बीच झारखंड की सियासत का केंद्रबिंदु और 'आयरन डोम', यानी संथाल परगना इन दिनों खामोशी की चादर लपेटे हुए है। हालांकि इस बार संथाल परगना की 18 विधानसभा सीटें कांटे के मुकाबले के लिए तैयार हैं। पाला बदलने और रूठने-मनाने का खेल खत्म होने के बाद अब यह तय हो गया है कि संथाल परगना का इलाका हेमंत सोरेन और बाबूलाल मरांडी की क्षमताओं की कड़ी परीक्षा लेगा। झारखंड की सियासत में संथाल परगना की भूमिका बेहद अहम मानी जाती है। यह इलाका न केवल विद्रोहों और आंदोलनों का गवाह रहा है, बल्कि यहां की फिजाओं में एक अलग किस्म की सियासी रवायत देखी जाती है। संथाल परगना को वैसे तो झामुमो का गढ़ माना जाता है, लेकिन भाजपा भी यहां उतनी कमजोर नहीं है। चुनावी अखाड़े में शिबू सोरेन भी संथाल परगना से पराजय का स्वाद चख चुके हैं और हेमंत सोरेन समेत झामुमो के लगभग सभी दिग्गज भी। दूसरी तरफ भाजपा के लिए भी यहां की धरती एक समान नहीं रही। कभी पार्टी ने खूब चुनावी फसल काटी, तो कभी उसे सूखे का सामना करना पड़ा। लेकिन इस बार के विधानसभा चुनाव में संथाल परगना का परिदृश्य उलझा हुआ नजर आ रहा है। दोनों ही पक्षों ने संथाल फतह के लिए पूरा जोर लगाया है। इन 18 सीटों पर दूसरे चरण में, यानी 20 नवंबर को मतदान होना है। इसलिए अभी यहां प्रचार अभियान का पूरा रंग नहीं चढ़ा है। क्या है संथाल परगना का सियासी महत्व, क्यों इसे झारखंड की सत्ता की चाबी कहा जाता है और क्या है इस बार का चुनावी परिदृश्य, बता रहे हैं बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आंदोलनों और विद्रोह की धरती संथाल परगना के माहौल में चुनावी रंग घुला हुआ दिखाई तो दे रहा है, लेकिन यहां की हवाओं में सियासी गर्माहट की बजाय अभी सर्द हवाओं की झीनी चादर ही महसूस हो रही है। इसका कारण शायद यही है कि संथाल परगना की 18 विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण में, यानी 20 नवंबर को मतदान होगा। इसलिए सियासी खिलाड़ियों ने पहले चरण के चुनाव वाले इलाकों पर अपना ध्यान लगा रखा है।

झारखंड का संथाल परगना इलाका हमेशा से ही सियासत का केंद्र रहा है और इस बार भी परिस्थितियां बहुत अलग नहीं हैं। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद-माले का इंडिया ब्लॉक अपने इस अभेद्य दुर्ग को बचाने के लिए पूरी ताकत लगाये हुए है, तो भाजपा भी बहुत पीछे नहीं है। पाला बदलने और रूठने-मनाने का खेल खत्म होने के बाद अब एक-दूसरे पर राजनीतिक हमलों के बीच संथाल परगना अब चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहा है। यह तय है कि इस बार का विधानसभा चुनाव यहां दोनों ही पक्षों और उनके सेनापतियों, हेमंत सोरेन और बाबूलाल मरांडी की ताकत का असली इम्तिहान लेगा।

इस विधानसभा चुनाव में संथाल परगना सेंटर प्वाइंट बन गया है। आदिवासी अस्मिता की पिच पर लोकसभा चुनाव में नुकसान उठाने के बाद विपक्षी भाजपा अब सत्ताधारी झामुमो पर सीता सोरेन और चंपाई सोरेन के अपमान का आरोप लगाते हुए हमलावर है। भाजपा के तमाम नेता बेटी, रोटी और माटी की रक्षा में हेमंत सोरेन सरकार को विफल बताते हुए डेमोग्राफी में बदलाव के लिए इंडिया ब्लॉक की सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।

जब भी डेमोग्राफी में बदलाव की बात आती है, तो सबसे अधिक चर्चा संथाल परगना की होती है। संथाल परगना की गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत दुबे इस मुद्दे को संसद में भी उठा चुके हैं। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भी घुसपैठियों को झारखंड की सीमा से बाहर निकालने का वादा किया है।




### संथाल परगना क्यों बना मुख्य अखाड़ा

संथाल परगना में 18 विधानसभा सीटें हैं। यह झामुमो का गढ़ कहा जाता है। झारखंड की सत्ता तय करने में यह इलाका अहम भूमिका निभाता है और यह भी एक वजह है कि हर दल का फोकस संथाल जीतने पर रहता है।

### संथाल का राजनीतिक परिदृश्य

इस बात में कोई संदेह नहीं कि संथाल परगना झामुमो का अभेद्य किला है। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 18 में से नौ सीटें जीत कर अपना दबदबा साबित किया था। उसकी सहयोगी कांग्रेस ने चार सीटें जीती थी, जबकि पोड़ैयाहाट की सीट उसे बाद में मिल गयी थी। भाजपा को केवल चार सीटें मिली थीं। विधानसभा की 18 सीटों में सात अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इन सभी आरक्षित सीटों, यानी दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, बोरियो और बरहेट के अलावा दो अनारक्षित सीटों, नाला और मधुपुर पर झामुमो का कब्जा है। उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास पांच सीटें- जरमुंडी, पोड़ैयाहाट, महगामा, जामताड़ा और पाकुड़ हैं। भाजपा के पास चार सीटें- देवघर, गोड्डा, सारठ और राजमहल हैं। इन चार में से तीन सामान्य सीटें हैं, जबकि देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संथाल के विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी। इनमें दो आदिवासी क्षेत्र, दुमका और जामा भी थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में संथाल परगना में मिली ऐतिहासिक सफलता ने झामुमो नेतृत्व और खास कर हेमंत सोरेन को अपनी राजनीतिक रणनीति पर दोबारा विचार करने पर मजबूर कर दिया। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने संथाल की किलेबंदी पर अधिक ध्यान दिया। उन्होंने कैबिनेट में तीन स्थान (खुद को मिला कर चार) के अलावा स्पीकर भी संथाल से बनाया।

### संथाल में आदिवासी अस्मिता बनाम घुसपैठ और भ्रष्टाचार

जहां तक विधानसभा चुनाव में मुद्दों की बात है, तो इस बार सत्ताधारी गठबंधन का फोकस आदिवासी अस्मिता पर ही है। हेमंत सोरेन जिस तरह भाजपा पर गुजरात-महाराष्ट्र के लोगों को झारखंड में लाने और यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को बरगलाने के साथ पैसे के बल पर घर और पार्टी को तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं, उससे साफ हो गया है कि यह मुद्दा भी सत्ता पक्ष का प्रमुख हथियार है। हेमंत सोरेन अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के सामने मजबूती से रख रहे हैं। इसके अलावा आरक्षण, सरना धर्म कोड, 1.36 लाख करोड़ का बकाया, स्थानीयता नीति और केंद्रीय योजनाओं में झारखंड के हिस्से में कटौती जैसे झारखंड की जनभावना से जुड़े मुद्दे भी उनके एजेंडे में शामिल हैं। सत्ताधारी महागठबंधन को पता है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उसके लिए मुश्किल होगी, तो इसकी काट के लिए वह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद करने का मुद्दा उठा रहा है। खासकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंडी अस्मिता से जोड़ने का प्रयास भी असरदार होता दिख रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसे लेकर 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा दिया है। इसके अलावा महागठबंधन के पास जल-जंगल-जमीन और स्थानीयता के मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों को केंद्र में रखने की रणनीति बनाया है। 2019 में सत्ता संभालने के बाद वैश्विक महामारी के दौरान राज्य सरकार द्वार किये गये कार्यों की भी याद हेमंत सोरेन दिला रहे हैं। मंईयां योजना और अबुआ आवास योजना के सहारे वह संथाल की सियासी हवा को थामने की जुगत में हैं।

### संथाल में क्या है भाजपा की रणनीति

भाजपा की रणनीति संथाल में आदिवासी अस्मिता के झामुमो के दांव को शिबू सोरेन के परिवार की ही सीता सोरेन और सिद्धो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू के जरिये काउंटर करने की है। पार्टी चंपाई को सीएम पद से हटाये जाने को भी आदिवासी अस्मिता से जोड़ जनता के बीच जा रही है। समान नागरिक संहिता को लेकर आदिवासी समाज के विरोध का असर कहीं वोट के रूप में सामने न आये, इसके लिए गृह मंत्री ने पहले ही आदिवासियों को इससे बाहर रखने का ऐलान कर दिया है।

---

## झामुमो के हुए मालतो, सीएम ने किया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाल ही में भाजपा छोड़ सिमोन मालतो ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सिमोन मालतो बरहेट विधानसभा से 2019 में भाजपा के प्रत्याशी थे। उन्होंने बुधवार को झामुमो का दामन थाम लिया। उनके साथ-साथ समर्थकों ने भी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की।

रांची के कांके रोड स्थित सीएम आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो परिवार में नये सदस्यों के आने से परिवार को और मजबूती मिली है। झामुमो सभी का स्वागत करता है।

सीमन मालतो मूल रूप से बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सुंदरपहाड़ी के खेरीबारी गांव के रहने वाले हैं। वह लंबे समय तक भाजपा के साथ थे। उनकी पहचान पहाड़िया नेता के रूप में की जाती है। इस समुदाय के बीच उनकी जबरदस्त पकड़ है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि इस समुदाय के बीच झामुमो की पकड़ मजबूत होगी।

## पूज्य प्रकाश बने झारखंड सीआइडी के एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत पूज्य प्रकाश को झारखंड सीआइडी का एसपी बनाया गया है। डीजीपी के आदेश के बाद आइजी मानवाधिकार ने यह आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पदस्थापन के इस प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग की सहमति प्राप्त है। गौरतलब है



कि बीते दिनों बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित रहे पूज्य प्रकाश का स्वास्थ्य के कारणों तबादला कर दिया गया था।

## सहारा का पैसा खा जाना मोदी की गारंटी है: सुप्रियो

- हम भाजपा के घर में घुसकर सहारा का पैसा वापस लायेंगे
- नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी सभी का गुजरात से कनेक्शन है, भाजपा यहां ड्रामा कर रही है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और पार्टी के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में सहारा के निवेशकों का पैसा लौटाने के वादे को मुद्दा बनाया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सहारा के निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए वर्ष 2023 में पोर्टल बनाया गया था। सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि वर्ष 2023 से 24 तक सरकार ने निवेशों को पैसा क्यों नहीं लौटाया। क्या वजह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी सहारा के निवेशकों का पैसा भाजपा ने नहीं लौटाया और एक बार फिर से विधानसभा चुनाव में इसे मुद्दा बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार निवेशकों का पैसा नहीं लौटनी वाली सिर्फ उन्हें कोरा आश्वासन दिया जा रहा है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि



भाजपा ने सहारा से बकाया वसूली के लिए अखबार में विज्ञापन जारी किया है। यह पहली बार है जब अखबारों में इस तरह का विज्ञापन दिया गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के एक करोड़ से अधिक लोगों ने सहारा में निवेश किया है। इन सभी का पैसा फंसा हुआ है और मिलने की उम्मीद कम लगती है। सुप्रियो ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सेबी को 5,000 करोड़ रुपये सीआरसीएस को देने को कहा गया। सभी दावेदारों को अपना रिटर्न पाने के लिए वेब पोर्टल पर आवेदन करने को कहा गया। सुप्रियो ने आरोप लगाया कि अमित शाह 2019 में गृह मंत्री बने और 2021 में उन्हें सहकारिता मंत्री बनाया गया और यहीं से खेल शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि सहारा का पैसा खा जाना मोदी की गारंटी है। मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि सभी निवेशकों को पता होना चाहिए कि अखबार में दिया गया विज्ञापन काला सच है। निवेशकों को एक भी पैसा वापस नहीं किया जायेगा, ये कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुजराती भाई सारा पैसा खा रहे हैं। नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी सभी का गुजरात से कनेक्शन है। भाजपा यहां ड्रामा कर रही है। गृह मंत्री सहकारिता मंत्रालय का प्रभार क्यों संभालेंगे, क्योंकि 5000 करोड़ रुपये का मामला था। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के घर में घुसकर सहारा का पैसा वापस लाएंगे और हेमंत सोरेन के सत्ता में आने के बाद यह लूट बंद होगी और झारखंड की जनता की गाढ़ी कमाई उन्हें वापस मिलेगी।

## देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है: प्रतुल शाहदेव

सत्ताधारी गठबंधन के एक वोट के बदले सात झूठ के वादों पर जनता को विश्वास नहीं है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए झामुमो, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और माले के द्वारा संयुक्त रूप से जारी एक वोट, सात गारंटी पर बड़ा हमला किया। प्रतुल ने कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है ना की सताधारी गठबंधन के एक वोट के बदले सात झूठ के वादों पर। प्रतुल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के 2019 के मेनिफेस्टो निश्चय पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कुल 114 वायदे जनता से किये थे। परंतु 5 वर्षों में इस सरकार ने एक वादे को पूरा नहीं किया। 5 वर्षों तक ठगी गयी जनता इस बार झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार को बाहर का रास्ता दिखायेगी। उन्हें इस गठबंधन के झूठे वादों पर कतई विश्वास नहीं।



प्रतुल ने कहा था कि झारखंड 2019 में सरकार ने अपनी निश्चय पत्र में कहा था कि सरकार गठन के 2 साल के भीतर राज्य के खाली पड़े सभी सरकारी पदों पर नियुक्ति हो जायेगी। स्थिति यह है कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2,87,000 पद अभी भी खाली हैं। इन्होंने हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की घोषणा की थी, ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों को नौकरी के लिए 10% अतिरिक्त अंक देकर मेरिट सूची बनाने की बात, हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की बात, 5 वर्षों में 25 लाख रोजगार की बात, बेरोजगारों को 5000 और 7000 का प्रति महीना भत्ता देने का वादा किया था। इनके सारे वादे झूठे साबित हुए।

प्रतुल ने कहा कि 2019 के निश्चय पत्र के स्थानीय लोगों के अधिकार वाले अध्याय में भूमि अधिकार कानून बनाने की बात , रोजगार अधिकार कानून की बात, हर शहीद परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति के लिए कानून बनाने की बात, झारखंड आंदोलन के शहीदों के परिजनों के लिए पेंशन योजना, आदि बनाने के लिए बड़ी घोषणा की थी। किसी एक को भी धरातल पर नहीं उतारा गया।

प्रतुल ने कहा निश्चय पत्र के आदिवासी, दलित संरक्षण अध्याय में इन्होंने पेसा कानून को सख्ती से लागू करने का वादा किया था। आज तक नियमावली भी लागू नहीं हो पायी। आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को लागू करने की घोषणा, खनन नहीं पर्यटन की विकास नीति, वन पट्टा देने की प्रक्रिया को सरल बनाने की घोषणा, ट्राइबल सब प्लान की राशि को दूसरे योजना में डाइवर्ट नहीं करने का संकल्प लिया था। लेकिन यहां भी इन्होंने प्रदेश के आदिवासी, मूलवासियों के साथ छल किया।

प्रतुल ने कहा कि इनके झूठे वादों से 2019 में छली गयी जनता 2024 में इन्हें बाहर का रास्ता दिखायेगी। 23 नवंबर को झारखंड के इतिहास के सबसे भ्रष्ट सरकार का सूर्यास्त हो जायेगा। प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

### रोटी-माटी और बेटी बात करने वाले सिर्फ बातें ही करते हैं

# जेएमएम चीन की दीवार, कोई लांघ नहीं सकता : हेमंत सोरेन

- मणिपुर की घटना पर क्यों चुप रहे प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री
- मैंने झारखंडियों का दर्द अपने कंधों पर उठाया है



**बेटी की बात करने वालों ने रेप के आरोपी को चुनाव में छोड़ा**
हेमंत सोरेन ने कहा कि ये लोग मां और बेटियों की बातें करते हैं। गुजरात में बिल्किस बानो का सामूहिक रेप करने वालों को इन लोगों ने चुनाव में छोड़ दिया। पंजाब के राम-रहीम जो रेप के आरोप में जेल में बंद है, उसे चुनाव में वोट मांगने के लिए पे रोल पर छोड़ दिया। ये वही लोग हैं। ये उन लोगों के साथ हैं, जो महिलाओं से छेड़-छाड़ बलात्कार करने की वजह से जेल में बैठे हैं।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा/सरायकेला/चक्रधरपुर।** हेमंत सोरेन ने बुधवार को बोड़ाम प्रखंड में जुगसलाई से प्रत्याशी मंगल कालिंदी, सरायकेला में गणेश महली और चक्रधरपुर में सुखराम उरांव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने कहा हमारे विरोधियों ने षड्यंत्र कर मुझे जेल में डाल कर जेएमएम का सफाया करना चाहा। लेकिन उन्हें पता नहीं जेएमएम इस राज्य का चीन की दीवार है। कोई इसको लांघ कर नहीं जा सकता, जो इस दीवार पर चढ़ेगा वो खत्म हो जायेगा।

## झारखंड में मंडरा रहे हैं बाहरी लोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग महिला सुरक्षा की बात कर रहें हैं। लेकिन इनके शासन में ही महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। नॉर्थ इस्ट पहाड़ी क्षेत्र है। नॉर्थ इस्ट डेवलपमेंट ऑथोरिटी का चेयरमैन यहां घूम रहा है। असम का मुख्यमंत्री। उससे पूछिए मणिपुर में एक लड़की को नंगा घुमाया गया। उसपर हिमंता और प्रधानमंत्री ने क्यों कुछ नहीं बोला। हेमंत सोरेन ने कहा न्यायालय ने भी माना है कि असम में जाति विशेष के लोगों को निशाना बनाया जाता है। यूपी में चुनाव की तिथि को बढ़ा दिया गया है। वहां के लोग यहां आकर बुलडोजर में चढ़कर बात करता है। ऐसे लोगों पर डोजर चलाकर खत्म करेंगे।

## रोटी की बात करने वालों के शासन में लोग भूख से मरे

हेमंत सोरेन ने कहा आज ये रोटी की बात करते हैं। यही डबल इंजन की सरकार में लोग भात-भात कर भूख से मर गये। वहीं आपकी सरकार ने कोरोना जैसी महामारी देखी, लेकिन किसी की मौत भूख से नहीं हुई।

## माटी की बात करने वालों ने लोगों को विस्थापित किया

हेमंत ने कहा कि माटी की बात करने वालों ने खनन और डैम निर्माण के नाम पर लोगों को विस्थापित किया। यहां कारखाना और माइनिंग इनके मित्रों का है। आज सबसे अधिक जमीन आदिवासियों की है। इस जमीन को कब्जा करने के लिए ये लोग नयी-नयी नीति बनाते हैं। पहली बार हमलोगों ने इन्हें टक्कर दी है। खनन के नाम पर विस्थापन नहीं होगा। उद्योग लगने से पहले तय होगा तुम रोजगार और मुआवजा कितना दोगे। इसके बाद बात आगे बढ़ेगी। हमने कानून भी दिया है। उद्योगों में 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे। तब धुवां निकलेगा नहीं तो ताला लटकेगा।

## भाजपा के लिए इडी और सीबीआइ नहीं

हेमंत ने कहा गुजरात में इनके व्यापारी मित्रों के बंदरगाह से चरस और मादक पदार्थ पकड़ा जाता है। लेकिन कोई इडी और सीबीआइ जांच नहीं होती। सब ढंक दिया जाता है।

# झूठे वादों के झांसे में नहीं आयेगी जनता : कल्पना सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिल्ली।** सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि आजसू पार्टी ने सिल्ली को केवल बांटने और विकास से दूर रखने का काम किया है। सिल्ली के लोगों का अधिकार और सम्मान उनसे छीन लिया गया, और उन्हें सिर्फ चुनाव जीतने के साधन के रूप में इस्तेमाल किया गया। वर्षों से, सिल्ली के लोग अपने उत्थान की उम्मीद लिए खड़े हैं, पर उनके हक में आजसू ने एक रत्ती भी प्रयास नहीं किया। लेकिन इस बार सिल्ली की जनता ने ठान लिया है। अब वे सिर्फ. वादों पर नहीं, विकास पर वोट करेंगे।

अबकी बार सिल्ली के लोग अपने अधिकार, अपने सम्मान के लिए खड़े होंगे और वोट करेंगे। मौका था राजधानी रांची से सटे सिल्ली में आयोजित चुनावी जनसभा का। जेएमएम की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन यहां झामुमो कैंडिडेट अमित महतो के लिए लोगों से वोट की अपील करने पहुंची थीं।

कल्पना सोरेन ने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की डबल इंजन की सरकार थी, तब हमारा प्रदेश विकास से कोसों दूर खड़ा था। भाजपा ने झारखंड को एक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि एक साधन के रूप में देखा और झारखंड को लूटने और हमारे संसाधनों को दूसरे भाजपा शासित राज्यों में भेजने का काम किया। हमारे अधिकारों पर भाजपा ने पांच साल तक आघात किया, हमारे सपनों को नजरअंदाज किया और हमारे प्रदेश की संभावनाओं को ठुकराया। लेकिन अब, झारखंड की जनता सचेत है, जागरूक है, और इस बार वह झूठे वादों के झांसे में नहीं आयेगी।

### 400 वादे करने वाली सरकार इस बार सात वादे पर सिमट गयी

# सात गारंटी पर भी धोखा देगी गठबंधन सरकार : सुदेश

- सरकार ने गरीब-गुरबों, युवाओं, महिलाओं का नुकसान किया है
- हेमंत सरकार ने राज्य की अस्मिता को ठेस पहुंचाया है
- मनोहरपुर और जुगसलाई में परिवर्तन संकल्प सभा आयोजित



**हेमंत सरकार में राज्य का विकास ठप : चंपाई**
पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की अस्मिता को ठेस पहुंचायी है। राज्य के विकास के साथ ही इन्होंने हमारी भाषा, संस्कृति और सभ्यता को भी कमजोर करने का कार्य किया है।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर/जुगसलाई/मनोहरपुर** 400 वादे करने वाली सरकार इस बार सिर्फ 7 वादों तक ही सिमट गयी है। गठबंधन सरकार इन सात गारंटी पर भी धोखा देगी। सरकार में नेतृत्व करने की क्षमता नहीं है। युवा पांच साल से बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। सरकार ने वादा 5 लाख नौकरी का किया था लेकिन 10 हजार नौकरियां भी नहीं दे पायी है। राज्य में बाबू राज को हटा कर जनता राज को स्थापित करने के लिए एनडीए की सरकार जरूरी है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम स्थित हाट टोला मैदान में आयोजित परिवर्तन संकल्प सभा में कही। जुगसलाई से पूर्व सुदेश कुमार महतो ने मनोहरपुर में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। दोनों सभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए।

हम हर आंदोलनकारी को सम्मान देने का काम करेंगे। जेल जाने या न जाने की जो बाध्यता है उसे खत्म कर आंदोलनकारी परिवार को हर माह आर्थिक सहायता दी जायेगी। गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, बेहतर इलाज की सुविधा मिले इसकी तैयारी है। जनता के मौलिक अधिकार की रक्षा करने के लिए हम आये हैं। एक लाख 21 हजार रुपये हर महीने हर परिवार को सम्मान के साथ दिया जायेगा। हर महिला संकुल को पांच लाख रुपये बिना किसी ब्याज के उपलब्ध कराया जायेगा।

रामचंद्र के विकास के सामने वर्तमान विधायक का पांच साल का काम खड़ा भी नहीं हो सकता है। जुगसलाई के एक-एक गांव का विकास हमारा कमिटमेंट है। जुगसलाई ने पांच साल जेएमएम को देख लिया अब जनता परिवर्तन के लिए आतुर है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनता अपना आशीर्वाद एनडीए को देने वाली है।

**जुगसलाई रामचंद्र को भारी बहुमत से जितायेगा : विद्युत बरण महतो**

जुगसलाई में आयोजित परिवर्तन संकल्प सभा में शामिल हुए लोगों से अपील करते हुए जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरण महतो ने कहा कि आप सभी अपना प्यार और आशीर्वाद रामचंद्र सहिस को दें। आपके साथ से हम मिलकर क्षेत्र के विकास को नयी रफ्तार देने का काम करेंगे।

**सबके साथ मिलकर फिर से जुगसलाई के विकास के लिए काम करेंगे : राम चंद्र सहिस**

जुगसलाई से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार राम चंद्र सहिस ने कहा कि जुगसलाई की सम्मानित जनता ने सेवा का मौका दिया था। सबके साथ से दिन रात कार्य करके जुगसलाई को विकास के रास्ते पर लाने का काम किया था। आज जुगसलाई फिर से पिछड़ गया है। हमने काम किया था जनता के सहयोग से फिर से जुगसलाई के विकास के लिए काम करेंगे।

**शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता : दिनेश चंद्र बोयपायी**

मनोहरपुर से एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार दिनेश चंद्र बोयपाई ने कहा कि मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास को जेएमएम ने जकड़ कर रखा है। इनकी मंशा विकास रही ही नहीं। जनता का विश्वास एनडीए के साथ है। शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। इन क्षेत्रों के विकास के लिए सबसे पहले कार्य किये जायेंगे। मनोहरपुर में उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज की स्थापना की जायेगी ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके अलावा सोनुआ एवं गुडरी ब्लॉक में भी डिग्री कॉलेज स्थापित किया जायेगा।


**पूर्व मध्य रेल**


**ई-निविदा सूचना**

धनबाद मंडल के A1, A एवं B श्रेणी के स्टेशन के लिए GENERAL MINOR UNIT (जीएमयू) के तहत खान–पान सेवाओं के प्रावधान के लिए ई–निविदाएं मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण इस प्रकार है:–
निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारिख 27.11.2024 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारिख 27.11.2024 को 15:30 बजे के बाद से। वेबसाइट का विवरण : https://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

| क्र. सं. | ई–निविदा सं. | स्टेशन | स्टाल सं. | ब्याने की राशि | एक वर्ष के लिए आरक्षित मुल्य रू. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी-724-जीएमयू-03-डीएचएन-2024 | धनबाद | 03 | 57100.00 | 548759.00 |
| 2 | सी-724-जीएमयू-05-डीएचएन-2024-W | धनबाद | 05 | 53400.00 | 512656.00 |
| 3 | सी-724-जीएमयू-06-डीएचएन-2024 | धनबाद | 06 | 64200.00 | 617043.00 |
| 4 | सी-724-जीएमयू-09-डीएचएन-2024-W | धनबाद | 09 | 62600.00 | 601016.00 |
| 5 | सी-724-जीएमयू-10-डीएचएन-2024 | धनबाद | 10 | 64200.00 | 617043.00 |
| 6 | सी-724-जीएमयू-14-डीएचएन-2024-W | धनबाद | 14 | 48100.00 | 462309.00 |
| 7 | सी-724-जीएमयू-16-डीएचएन-2024 | धनबाद | 16 | 58100.00 | 558494.00 |
| 8 | सी-724-जीएमयू-09-केक्यूआर-2024 | कोडरमा | 09 | 26300.00 | 252334.00 |
| 9 | सी-724-जीएमयू-10-केक्यूआर-2024 | कोडरमा | 10 | 25800.00 | 247661.00 |
| 10 | सी-724-जीएमयू-18-केक्यूआर-2024-W | कोडरमा | 18 | 17700.00 | 169835.00 |
| 11 | सी-724-जीएमयू-12-बरका-2024 | बरकाकाना | 12 | 12800.00 | 122819.00 |
| 12 | सी-724-जीएमयू-04-डीटीओ-2024 | डाल्टनगंज | 04 | 19900.00 | 190901.00 |

निविदाकारो से अनुरोध है कि वे प्रथम वर्ष के लिए अपनी दर उल्लेख करें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
पीआर/01481/डीएचएन/वा./टी/24–25/72 मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/पूमरे/धनबाद







**राशिफल**
**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**
www.azadsipahi.in




## प्रीति जैन अपने पति हर्ष अजमेरा के लिए मांग रही वोट



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा की धर्मपत्नी प्रीति जैन ने बुधवार को नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में उनके साथ महिला समाज की कई महिलाएं भी शामिल रहीं, जिन्होंने क्षेत्र के नागरिकों के सुख-दुख को सुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्रमांक संख्या 23 छड़ी छाप को समर्थन देने की अपील करते हुए प्रीति जैन ने लोगों से समर्थन और आशीर्वाद मांगा। घर-घर जाकर उनसे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। क्षेत्रवासियों ने अपने जीवन में आ रही विभिन्न समस्याओं, जैसे कि जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, साफ-सफाई, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी आदि पर अपनी बात रखी। प्रीति जैन ने लोगों को आश्वस्त किया कि हर्ष अजमेरा के नेतृत्व में इन समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर्ष अजमेरा हमेशा से ही जनता की आवाज को प्रमुखता देने और उनके हित में कार्य करने के लिए जाने जाते हैं।

## सांसद मनीष संग प्रदीप ने किया प्रचार, सदर प्रखंड के 23 गांवों में चलाया जनसंपर्क



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सांसद मनीष जायसवाल के साथ सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को सघन चुनाव प्रचार किया। सदर प्रखंड के 23 गांवों में जनसंपर्क कर दोनों नेताओं ने बीजेपी के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को कमल निशान पर मतदान करने का अपील किया। सांसद मनीष जायसवाल और बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने अपने चुनावी दौरे की शुरूआत सुबह ग्राम पंचायत ओरिया से किया। ग्राम ओरिया के बाद बिरबीर, बेलामुण्डवार, सखिया, बहेरी, गुडवा, कानी मुंडवार, सितागढ़ा, जुलजुल चौक और दुग्धा मोड़, बंगलवाटांड़, गुरहेत, धवैया, बहोरनपुर, चंदवार, रेवार, चोरहेता , मरहेता , पौता , तुरांव , मोरांगी , हत्यारी और तुम्बा पहुंचकर लोगों से भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद का क्षेत्र के लोगों ने बाइक जत्थे के साथ फूल माला पहनाकर गाजा-बाजा के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी को हैट्रिक जीत दिलाई और क्षेत्र के विकास को गति देने के साथ सच्चे और अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन कर अपने भविष्य को सुरक्षित करें।

## मतदान दल ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों, कर्मियों का प्रशिक्षण आज इंजीनियरिंग कॉलेज कोडरमा में सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण में शामिल हुए मतदान दल के पदाधिकारियों ने इंजीनियरिंग कॉलेज कोडरमा में बनाये गए छह पोस्टल बैलेट सेंटर में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। साथ ही सेल्फी लेकर दूसरों से भी मतदान करने की अपील किया। इसके अतिरिक्त 85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक) मतदाताओं को होम वोटिंग के तहत पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया गया।

### संकल्प पत्र और पंच प्रण की कोडरमा भाजपा ने दी जानकारी

# डबल इंजन सरकार में होगा चहुंमुखी विकास: अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा भाजपा कार्यालय वसुंधरा गार्डेन में भाजपा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कोडरमा सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी और भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव उपस्थित हुए। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पंच प्रण एवं संकल्प पत्र के अनुसार बताया कि 21 लाख झारखंड वासियों को पक्का घर, मुफ्त बालू, शुद्ध पेयजल का उपहार मिलेगा। साथ में युवा साथियों के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर युवाओं को हर माह 2000 प्रोत्साहन राशि का उपहार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार झारखंड में जब बनेगी तो झारखंड की हर बहन को गोगो दीदी योजना के माध्यम से 2100 रु हर महीना अर्थात हर साल 25000 से अधिक का उपहार दिया जायेगा। 500 रु में गैस सिलेंडर एवं त्योहारों पर दो मुफ्त गैस सिलेंडर लक्ष्मी जोहार योजना के माध्यम से दिया जायेगा। वहीं जॉब कैलेंडर जारी कर झारखंडी युवाओं को रिक्त सरकारी नौकरी एवं कुल मिलाकर 5 लाख स्वरोजगार योजना के तहत रोजगार दिया जायेगा। भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव ने कहा कि अपने संकल्प पत्र को पूरा करने के अलावे कोडरमा के लिए कहा कि रोजी रोजगार और विकास की कोडरमा में मेरी प्राथमिकता होगी। कोडरमा में अभ्रक खदानों की वैधानिक स्वीकृति के लिए प्रयास किया जायेगा, ढिबरा उद्योग या अबरख पर लगे प्रतिबंध और रोक हटाकर उसके नियम कानून को लचीला किया जायेगा। अन्य व्यवसाय कार्यों को वैधानिक तरीके से संरक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोडरमा में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज को चालू करवाना, सतगावां, चोपनाडीह मरकच्चो में बने डिग्री कॉलेज को पठन-पाठन शुरू करवाना मेरी प्राथमिकता होगी। झुमरी तिलैया में एनएचएआई द्वारा निर्मित बायपास रोड को व्यवस्थित करवाना यातायात को सुरक्षित, फल सब्जी फुटपाथ विक्रेताओं के लिए सुनियोजित व्यवस्था करवाना, झुमरी तिलैया शहर में पेयजल आपूर्ति हेतु अतिरिक्त पांच टंकी का निर्माण करवाना, बृंदाहा जलप्रपात परिसर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना, डोमचांच को औद्योगिक क्षेत्र का दर्जा दिलवाने, शहीद चौक डोमचांच स्थित शहीद स्मारक को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दिलवाना प्राथमिकता होगी। मौके पर पार्टी के रामचंद्र सिंह, बिरेंद्र सिंह, रवि मोदी, अशोक आर्या, शशि भूषण प्रसाद, जूही दास गुप्ता, सुनीति सेठ, राजेश सिंह, चंद्रशेखर जोशी, संजीव यादव, सूरज प्रताप मेहता, अरशद खान, बैजनाथ यादव, दिनेश सिंह, अर्जुन यादव, बालमुकुंद सिंह, नरेंद्र पाल मौजूद थे।

## जेएलकेएम प्रत्याशी बालेश्वर कुमार ने दर्जनों गांवों में चलाया जनसंपर्क



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधानसभा के जेएलकेएम प्रत्याशी बालेश्वर कुमार बुधवार को बड़कागांव प्रखंड के दर्जनों गांवों में पैदल भ्रमण कर लोगों से विस्थापन के सवाल पर वोट मांगा। प्रत्याशी कुमार अपने बड़कागांव चुनाव कार्यालय में प्रेस से बात करते हुए कहा भाजपा हो या कांग्रेस कभी भी आपके जमीनी दर्द को नहीं समझ सकते। यूपी के सीएम जोगी जी आये थे उन्होंने विस्थापन के सवाल पर कुछ नही कहा। यहां कोल कम्पनियों के कारण गैरमजरूआ खास और गैरमजरूआ जंगल झाड़ी की जमीन जिसमे किसान पर्चा हासिल कर सैकड़ो वर्षो से जोत कोड करते आई है। उसका मुआवजा नहीं मिल रहा सिर्फ टोकन मनी के रूप में किसी को दो तो किसी को तीन लाख प्रति एकड़ एम डी ओ द्वारा दिया जा रहा है। इस बात की लड़ाई सिर्फ जयराम महतो की पार्टी कर सकती है। प्रेस वार्ता के पश्चात प्रत्याशी और समर्थकों का हुजूम बड़कागांव बाजार, होरम, हरली, बादम, बाबूपारा, गोंदलपुरा, जोराकाठ, चपरी, सेहदा, कोसी, विश्रामपुर आदि गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाकर टाइगर जयराम महतो के मजबूती के लिये वोट मांगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता साहू समेत मिथिलेश कुमार दांगी, अजित यादव, सत्यम कुमार साव, गौतम कुमार, राकेश मेहता, योगेंद्र महतो, वैद्यनाथ महतो, श्यामनंदन महतो, लखन महतो, लखिंद्र महतो, जानिसार आलम, मो तारिक, मो समीर, सईद इमाम, अमेरिका महतो, बसन्त यादव, पारस साव, बिनोद महतो, शंकर साव आदि सैकड़ो समर्थक साथ मे चल रहे थे।



## बटेश्वर मेहता ने किया जोरदार दौरा, मांगा वोट

**इचाक (आजाद सिपाही)।** निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बुधवार को दौरा किया। बटेश्वर प्रसाद मेहता अपने सैकड़ों समर्थकों संग टाटी झरिया प्रखंड के झरपों बाजार पहुंचे और टेंपो छाप पर वोट देने का आग्रह किया। कहा कि इस बार जनता ने मूड बना लिया है। 13 तारीख को टेम्पो छाप पर वोट करेंगे। बताया की मंगलवार को बरकट्ठा, जयनगर और चलकुसा में जो लोगों का प्यार और अपनापन मिला उससे अभिभूत हूं। इस दौरान जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, प्रदीप मेहता, भागवत मेहता समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने विष्णुगढ़ में अटल विचार मंच के चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अटल विचार मंच के गठन के उद्देश्य के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि आज भाजपा अटल विहारी वाजपेयी के समय की भाजपा नही है। मौके पर प्रकाश मिश्रा, देवेंद्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह,अनिल सिन्हा,हिमांशू सिन्हा, बीरेंद्र उपाध्याय, बालगोविंद प्रसाद, जयवीर वर्मन,त्रिवेणी प्रसाद,आनंद राम, सोबरन भगत, नारायण महतो, हरेंद्र महतो, विशाल पासवान,समेत बड़ी संख्या में समर्थक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।


## Format C1

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 201l (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Bateshwar Prasad Mehta, Vill: Chanda, P.o+ Ps: Ichak, DIST: Hazaribag, Jharkhand- 825402**
Name of political party: **INDEPENDENT**
Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024**
Name of Constituency: **20-Barkatha JHARKHAND**

**I Bateshwar Prasad Mehta** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**Pending criminal cases**

(i)I declare that there is no pending criminal case against me. (Tick this alternative if there is no criminal case pending against the Candidate and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)

OR

(ii)The following criminal cases are pending against me:
(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with name and address of Police Station concerned | Sadar PS case no-380/2021 | NIL | NIL |
| (b) | Case No. with Name of the Court | Miss kareti kumari S.D.J.M. hazaribagG.R.NO.305/2023 | NIL | NIL |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | 188 IPC 151 DM Act and 3J.S.E Act 2020 Covid-19 | NIL | NIL |
| (d) | Brief description of offence | Voilation of gas line of covod-19 | NIL | NIL |
| (e) | Whether charges have been framed (mention YES or NO) | No | NIL | NIL |
| (f) | If answer against (e) above is YES, then give the date on which charges were framed | No applicable | NIL | NIL |
| (g) | Whether any Appeal /application for revision has been filed against the proceedings (Mention) yes or no | No | NIL | NIL |

Sd./-
**Bateshwar Prasad Mehta**
INDEPENDENT
20-Barkatha JHARKHAND

## Format C-1

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of candidate : **BISHWANATH TIRKEY**
Name of the Political Party: **RASTRIYA DESHAJ PARTY**
Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024**
Name of the State/UT: **62 - KHIJRI, (ST)**

The following criminal cases are pending against me:
(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative and score off alternative (1) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with name and address of Police Station concerned | 61/2016 Tandwa P.S | N.A | N.A |
| (b) | Case No. with Name of the Court | G.R Case No. 113/2019 in the Court of Sri S S Tirkey Judicial Magistrate | N.A | N.A |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved (give no. of the Section, e.g. Section of I.P.C etc.) | I.P.C 182, 211 | N.A | N.A |
| (d) | Brief description of offence | I Reported a case with Tandwa P.S Found the case is untrue as such a case logded | N.A | N.A |
| (e) | Whether charges have been framed (mention YES or NO) | NO | N.A | N.A |
| (f) | If answer against (C) above is YES then give changes were trammed | N.A. | N.A | N.A |
| (g) | Whether A apeal/ application for revision has been field against the preceding (Mention YES or No) | YES | N.A | N.A |

Cases of conviction
(1) I declare that I have not been convicted for any criminal offence. (Tick this alternative, if the candidate has not been convicted and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Case No. | N.A | N.A | N.A |
| | Name of the Court | N.A | N.A | N.A |
| | Sections of Acts/ Codes involved (give no, of the Section, e.g. Section..... . of IPC, etc.). | N.A | N.A | N.A |
| | Brief description of offence for which convicted | N.A | N.A | N.A |
| | Dates of orders of conviction | N.A | N.A | N.A |
| | Punishment imposed | N.A | N.A | N.A |
| | Whether any Appeal has been filed against conviction order (Mention YES or No) | N.A | N.A | N.A |
| | If answer to (g) above is YES, give details and present status of appeal | N.A | N.A | N.A |

Sd/-
BISHWANATH TIRKEY
RASTRIYA DESHAJ PARTY
JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024

# 38 घंटे बाद उठा मृतकों का शव, हटाया जाम



**सरकारी प्रावधान के तहत दिया जायेगा लाभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला रजरप्पा पथ पिपराजारा गांव के समीप सोमवार देर रात को हुई दर्दनाक दुर्घटना में दो महिला एवं दो मासूम बच्चों कि मौत के 38 घंटे बाद मृतको का शव उठा। पुलिस को मृतको का शव उठाने में काफी परेशानी हुई। परिजनों को एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, सीओ समरेश भंडारी, बीडीओ सुधा वर्मा, थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप द्वारा सरकारी प्रावधान के तहत सुविधा देने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद सड़क जाम हटा लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

पिपराजारा गांव निवासी धुमा मांझी कि पत्नी मुनिया देवी 45 वर्ष का शव घर पिपराजरा में था। वहीं उसके पुतोहू बिलासी देवी 22 वर्ष और पोता निरंजन मांझी डेढ़ वर्ष का शव सीएचसी गोला में रखा हुआ था। संजय मांझी कि पुत्री रोशनी कुमारी 12 वर्ष का शव मंगलवार देर रात को रिम्स रांची से पोस्टमार्टम के बाद गांव लाया गया। गांव में एक साथ चार मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रात्रि चौपाल में '13 नवंबर को वोट करेगा इटखोरी' का स्लोगन गूंजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 13 नवंबर को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इटखोरी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुल्ली में मंगलवार को देर रात तक स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस जगह के अलावे भी जिले के दोनों विधानसभा चतरा और सिमरिया क्षेत्र के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। रात्रि चौपाल के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिवाली पैराशूट जला कर उड़ाया गया एवं



कैंडल जलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके अलावे उक्त कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में वोट जैसा कुछ नहीं वोट करेंगे हम, वोट करेगा इटखोरी, बूढ़े हो या जवान 13 नवंबर को सभी करेंगे मतदान समेत कई अन्य नारे लगाये गये। इस कार्यक्रम में निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय उपस्थित थे।

# दुलमी प्रखंड की सोसो एवं जमीरा पंचायत में सुनीता चौधरी ने जनसंपर्क अभियान चलाया



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर काफी सरगर्मी तेज हो गयी है। इस मौके पर रामगढ़ विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी द्वारा दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत एवं जमीरा पंचायत का चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान तेज किया। जगह-जगह पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर एनडीए विधायक प्रत्याशी सुनीता चौधरी महिला पुरुष मतदाताओं से अपील की और अपने पक्ष में वोट देने को कहा। उन्होंने लोगों से कहा कि रामगढ़ में विकास के लिए हमारे चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट दे और भारी मतों से विजय बनाने का काम करें। इस मौके पर विधायक प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जगह-जगह पर महिला पुरुषों द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया गया। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि पिछले 15 वर्षों में झारखंड के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा अभूतपूर्व विकास कार्य किये गये हैं। रामगढ़ विधानसभा में पानी बिजली सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास कार्य किया गया है। अब मुझे एक अवसर दे, विधानसभा को एक ऐतिहासिक और विकसित विधानसभा का निर्माण करने में साथ दें और 20 नवंबर को आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में मेरा चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट देकर विजय बनाने का काम करें। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, आजसू वरिष्ठ नेता दयासागर प्रसाद, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो, दुलमी प्रखंड अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष नायक सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।

## भाजपा के संकल्प पत्र के साथ रामगढ़ पहुंचे छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री

# भाजपा ही दे सकती है हर महीने 2100 : ओपी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव में हजारीबाग क्लस्टर के प्रभारी छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी बनाये गये हैं। बुधवार को ओम प्रकाश चौधरी जब रामगढ़ पहुंचे तो उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र को जनता के बीच रखा। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने सीधे हेमंत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा है कि पिछले 5 वर्षों में हेमंत सोरेन ने लूट की राजनीति की। आचार संहिता लगने से पहले उन्होंने 1000 रुपये मइया सम्मान योजना में देकर लोगों को बहलाया है, जबकि 2019 के चुनावी मेनिफेस्टो में 2000 हर माह देने का वादा किया था। उनकी गलत नीतियों से सिर्फ झारखंड के राजस्व को क्षति हो रही हैं। उनके मंत्रियों और नेताओं ने अपनी जेबें भरी। हेमंत सरकार ने चुनाव की घोषणा से जस्ट पहले 2500 देने की जो बात कही है वह भी एक छलावा है।

वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी ने कहा कि झारखंड में सिर्फ भाजपा ही माता बहनों को 2100 रुपए प्रति माह दीदी गोगो योजना के तहत दे सकती है। यह मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने चुनाव घोषणा पत्र के पंच प्रणव के संबंध में बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए 50 लाख तक की संपत्ति का रजिस्ट्रेशन 1 रुपये में पुनः शुरू होगा। वृद्ध , विधवा और दिव्यांगों के लिए 2500 रुपये तक मासिक पेंशन, पीएम आवास योजना के तहत 21 लाख घरों का निर्माण होगा।

**युवाओं और बेरोजगारों के लिए भी भाजपा ने की तैयारी :** ओम प्रकाश चौधरी ने रोजगार सृजन हेतु झारखण्ड इंटर्नशिप और स्किल ट्रेनिंग से 5 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने, 1 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करने, 2,87,500 सरकारी पदों पर भर्ती और 5 लाख स्वरोजगार के अवसर तथा नवम्बर 2025 तक 1.5 लाख पदों पर भर्ती सुनिश्चित करने के वादे को दोहराया।

**रामगढ़ में चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया विकास नयी सरकार में बढ़ेगी गति :** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में चंद्र प्रकाश चौधरी ने ढ़ेरो विकास किया है । रामगढ़ को जिला का दर्जा दिलाने, दुलमी और चितरपुर को प्रखंड बनाने, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का काम किया है। अब उनकी पत्नी सुनीता चौधरी चुनावी मैदान में है। एनडीए की सरकार बनती है तो रामगढ़ एक आधुनिक शहर के रूप में विकसित होगा। यहां एक मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्थापित करेंगे जिससे रामगढ़ एक प्रमुख व्यापार केन्द्र के रूप में उभर सकेगा। रजरप्पा में माता छिन्नमस्तिके मन्दिर जैसे प्रमुख देवी मंदिरों को जोड़ते हुए भगवती सर्किट स्थापित करेंगे। डायमंड क्वाड्रीलेटेरल एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा, रामगढ़ एग्रो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को पूरा कर रामगढ़ के किसानों का संपूर्ण विकास किया जाएगा।

**मानव तस्करी पर लगेगी रोग आदिवासियों की होगी सुरक्षा :** ऑपरेशन सुरक्षा के तहत 24*7टोल फ्री एंटी ट्रैफिकिंग हेल्पलाइन से मानव तस्करी का खात्मा 2027 तक और पीड़ितों के लिए पुनर्वास कोष की बात कही गयी है। आदिवासी अधिकार की गारंटी - यूसीसी के दायरे से आदिवासी बाहर, पेशा का कार्यान्वयन कर मुखियाओं का सशक्तिकरण, वन अधिकार पट्टों का वितरण एवं वन विभाग द्वारा दर्ज छोटे मुकदमे का समापन। धान अधिप्राप्ति दर 3100 रुपये किया जायेगा। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल कुमार टाईगर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य व बाघमारा विधानसभा प्रभारी रणंजय कुमार, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, आइटी सेल जिला प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू, विधानसभा सभा विस्तारक अरूण कुमार मंडल उपस्थित थे।

## नेता प्रतिपक्ष समर्थकों के साथ पहुंचे छिन्नमस्तिका मंदिर, टेका मत्था

# एनडीए गठबंधन की बहुमत की सरकार बनेगी : बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। उन्होंने मां भगवती दरबार मे मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। वे टिकट मिलने के बाद पहली बार यहां पहुंचे हुए थे। मौके पर उन्होंने कहा कि 2024 में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। वर्तमान हेमंत सरकार से राज्य की जनता पूरी तरह से त्रस्त है और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। जनता अब परिवर्तन के मूड में है। उन्होंने आगे कहा कहा कि वर्तमान की झामुमो सरकार हर मोर्चे में फेल हैं। राज्य में अपराधियों का बोलबाला हैं। राज्य की महिलाएं, व्यापारी, आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। वर्तमान की हेमंत सरकार जनता को झूठे सपने दिखाने का काम की हैं। इसका जवाब इस विधानसभा चुनाव में जनता देने का काम करेगी। महिलाए स्वावलंबी बने, युवाओ को रोजगार मिले, भ्रष्टाचार पर लगाम लगे, बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले। राज्य में शांति का माहौल स्थापित हो। इसलिए जनता इस बार यहां परिवर्तन करने का काम करेगी। फिर से यहां एनडीए की सरकार बनाने का काम करेगी। इससे पूर्व रजरप्पा पहुंचने पर नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया गया।

**कौन कौन थे उपस्थित :** मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी, गोला मंडल महामंत्री रवि हाजरा,सूरज वर्मा, प्रीतम झा, छोटू केवट, राहुल पासवान, सोनू सोनी,चंदनकियारी के मुखिया संदीप महतो, तपन रजवार, सीतल सिंह, योगेंद्र रजवार, कालाचंद महतो, पशुपति महती, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य हेमंत शेखर, संतोष रवानी सहित कुल 30 संख्या में मुखिया के अलावे बीजेपी युवा मोर्चा के जिला मंत्री मनोज पांडेय, गिरी सेन, अमरजीत कुमार, सदाई बाउरी मौजूद थे।

## धोबे गांव में आहर में डूबने से तीन छात्राओं की मौत

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पैनी पंचायत अंतर्गत धोबे गांव के बड़का आहार में डूबने से तीन छात्रा की मौत हो गई । मृतकों में सरयु गंझु की 10 वर्षीय पुत्री विशाखा कुमारी , प्रमोद गंझु का 8 वर्षीय पुत्री कीर्ति कुमारी एवं मंगल गंझु का 10 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी शामिल है। सभी मृतक धोबे मध्य विद्यालय की छात्रा थी। इस घटना से पूरा गांव शोकाकुल है एवं मृतक के परिजनों के दहाड़ मारकर रोने बिलखने की आवाज से पूरा गांव में मातम पसरा है।

## बाइक पलटने से एक युवक की मौत, दो गंभीर

**गोला (आजाद सिपाही)।** बरलंगा के लुकैयाटांड़ के पास सोमवार को बाइक के पलटने से उसमें सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। ऊपरबरगा निवासी महेंद्र महतो महतो, पवन महतो और हीरा मुंडा तीनों बरलगा से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में लुकैयाटांड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के गड्ढे में पलट गयी। इसमें महेंद्र महतो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### देसी कट्टे के साथ पांडे गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में पांडे गिरोह के सदस्य एक बार फिर बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सक्रिय हो रहे हैं। एसपी अजय कुमार ने पांडे गिरोह की योजना को विफल करने के लिए छापेमारी की है। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि छापेमारी के दौरान देसी कट्टे और गोली के साथ पांडे गिरोह के एक सक्रिय सदस्य गौतम रजक को गिरफ्तार किया गया है। गौतम कुजू ओपी क्षेत्र के ग्राम दिगवार, रजक मोहल्ला का रहनेवाला है। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो देसी पिस्तौल और एक जिंदा गोली बरामद हुई। अवैध हथियार रखने के आरोप में गौतम रजक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छापामारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार गौतम, मनीष सिंह, एएसआइ शाहनवाज खा, राजेश सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मुखिया किसुन मुंडा के नेतृत्व में कुंदरू कला पंचायत बूथ कमेटी गठित



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी द्वारा पंचायत स्तर पर बने बूथ कमेटी का गठन किया गया है। इसमें 10 महिला एवं 10 पुरुष सदस्यों का चयन किया जा रहा है। इस मौके पर कुंदरू कला पंचायत में मुखिया किसुन राम मुंडा के देखरेख में गांव के बूथ संख्या 114 पर कमेटी गठित की गयी। इस दौरान मतदाताओं की बीच पोस्टर एवं पर्ची का भी वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के चुनाव चिह्न केला छाप क्रम संख्या 3 पर बटन दबा कर भारी मतों से विजय बनाने का काम करें और रामगढ़ के विकास में सहयोग करें। इस मौके पर आजसू नेता मधेश्वर महतो, देवचरण महतो, सुनीता देवी, मनीषा देवी, पार्वती देवी, रेनू देवी, संगीता देवी, अजय महतो, गीता देवी, परमिला देवी, सुभासो देवी सहित दर्जनों लोग शामिल थीं।

### अंबा ने घुटुवा में खोला चुनाव कार्यालय




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने रामगढ़ पतरातु मुख्य मार्ग घुटुवा थाना चौक के समीप चुनाव कार्यालय खोला। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने फीता काट कर विधिवत उदघाटन किया। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने उपस्थित लोगो को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। मौके पर पूर्व मुखिया रमण बेदिया, मो हसीब, मुजफ्फर हुसैन, रामा ठाकुर, मदन दांगी, सुरेश शर्मा उपस्थित रहे।

### नशे के 500 इंजेक्शन जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से एक बार फिर त्योहारों में युवाओं को नशे की गिरफ्त में रखने की योजना विफल हुई है। रामगढ़ बस स्टैंड से 500 से अधिक पेंटाजोसीन इंजेक्शन बरामद किया गया है। इस इंजेक्शन की तस्करी नशीले पदार्थ के रूप में की जा रही थी। रामगढ़ पुलिस ने रांची से रामगढ़ लाए जा रहे इस इंजेक्शन की एक बड़ी खेप को जब्त किया है। इस मामले में थाने में इंजेक्शन के तस्कर नई सराय निवासी फिरोज खान उर्फ लडन खान पिता अख्तर खान, जावेद खान पिता मोहम्मद सलीम खान के खिलाफ रामगढ़ थाना कांड संख्या 349/24 धारा 22(बी)एनडीपीएस एक्ट 1985 एंड 27(बी) ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट एंड रूल 1945 18(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**Format C-1**

**Declaration about criminal case**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name & address of candidate : **PANESHWAR KUMAR,** Village-**Kaitha,** Ps+Dist.- **Ramgarh (Jharkhand)**
Name of Political Party: **JLKM**
*(Independent candidates should write "independent" here*
Name of Election : **ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND**
Name of Constituency : **23- RAMGARH**

**I Paneshwar Kumar** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJM, Ramgarh | Mandu (Kujju) 58/2023 | Charge | U/S 147, 148, 149, 341, 342, 385, 504, 506, I.P.C |
| 2. | CJM, Ramgarh | Ramgarh 145/2023 | Apprenc | U/S 143, 149, 188, 283, 341, 504, 506, I.P.C |
| 3. | CJM, Ramgarh | Rajrappa 55/2023 | Apprenc | U/S 143, 145, 149, 188, 186, 353 I.P.C |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
PANESHWAR KUMAR
JLKM
ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND

## श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर चौथे दिन निकाली गयी प्रभातफेरी

# सतगुरु नानक प्रगटया मिटी धुंध जग चानन होया...





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के चौथे दिन बुधवार को भी प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर छावनी परिषद कार्यालय तक पहुंची। जहां बस के द्वारा चुटूपालू स्थित रविंदर सिंह गांधी के ओय पंजाब ढाबा पहुंची। यहां गांधी परिवार के द्वारा साध-संगत का स्वागत किया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार राजेंद्र सिंह जस्सल ने सरदार रमिंदर सिंह गांधी को सरोपा देकर सम्मानित किया।

**गुरुवाणी से गूंज उठा क्षेत्र :** प्रभातफेरी में लोग साध संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जिससे पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इशांत सिंह सलूजा निशान साहिब की अगुवाई कर निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। इस दौरान साध-संगत गुरुवाणी पेश कर चल रहे थे। जैसे, सतगुरु नानक प्रगटया मिटी धुंध जग चानन होया, कौन जाने गुण तेरे जैसे शब्दो से संगत निहाल हो रहे थे।

**प्रभातफेरी में ये थे शामिल :** प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, तेजिंदर सिंह सोनी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा, इंद्रजीत सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, मनमोहन लांबा, अंकित कालरा, प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह सैनीगुरप्रीत सिंह बबलू छाबड़ा गुरजीत सिंह शान कुलवंत सिंह मारवाह रोमी छाबड़ा जगजीत सिंह जग्गी राजू नंदा अंगद चंडोक गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जॉली सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर मनप्रीत कौर सैनी बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुई।

# मदरसा एक्ट पर रोशनी

यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट, 2004 से जुड़े एक मामले में मंगलवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला न केवल इस कानून की संवैधानिकता की पुष्टि करता है, बल्कि यह भी बताता है कि शिक्षा और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों को कितनी बारीकी और संवेदनशीलता के साथ देखा जाना चाहिए। दिलचस्प है कि मार्च 2022 में इलाहाबाद हाइकोर्ट ने इस कानून को मुख्य रूप से इस आधार पर असंवैधानिक करार दिया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है, जो कि संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। हाइकोर्ट का यह भी कहना था कि यह कानून यूजीसी एक्ट 1956 के खिलाफ है, जो कि एक संघीय कानून है। सुप्रीम कोर्ट की नजर की बारीकी इस तथ्य में देखी जा सकती है कि उसके ताजा फैसले में इन दोनों तर्कों के औचित्य को मानते हुए उसे लागू करने के तरीकों से जुड़ी गलतियां स्पष्ट की गयी हैं। सर्वोच्च अदालत यूजीसी एक्ट से जुड़ी आपत्तियों को ध्यान में रखती है, लेकिन इतनी व्यवस्था करना पर्याप्त समझती है कि मदरसे हायर एजुकेशन से जुड़ी डिग्रियां नहीं दे सकते। जहां तक धर्मनिरपेक्षता की बात है, तो इसमें कोई दो राय नहीं कि यह संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। ऐसे में इसके उल्लंघन के किसी भी मामले को अदालतें गंभीरता से लेंगी। दोनों ही अदालतों ने ऐसा किया। अंतर यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने किसी कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने के लिहाज से धर्मनिरेपक्षता के कथित उल्लंघन को पर्याप्त रूप से ठोस आधार नहीं माना। उसके मुताबिक यह भी देखना होगा कि वह कानून धर्मनिरपेक्षता से जुड़ी संविधान की किस धारा का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट को इस बात का अहसास था कि इस आदेश का प्रभाव न सिर्फ यूपी, बल्कि पूरे देश के अल्पसंख्यक संस्थानों से जुड़े मामलों पर होगा। इसलिए उसने यह साफ करने में कोई कमी नहीं रखी कि अल्पसंख्यक समुदायों को अपने संस्थान चलाने का अधिकार है, तो राज्य को भी उन संस्थानों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का अधिकार है। इस संबंध में यूपी सरकार का रुख भी गौर करने लायक है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि हाइकोर्ट के फैसले को उसने स्वीकार जरूर कर लिया था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह उसके रुख से सहमत थी। उसने भी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के रुख से अपनी सहमति दर्ज करायी। कुल मिला कर देखें तो इस मामले में जहां सेकुलर मूल्यों की अहमियत रेखांकित हुई है, वहीं उन्हें सुनिश्चित करने के तरीकों में बरती जाने वाली सावधानी की जरूरत भी स्पष्ट हुई।

**दिलचस्प है कि मार्च 2022 में इलाहाबाद हाइकोर्ट ने इस कानून को मुख्य रूप से इस आधार पर असंवैधानिक करार दिया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है, जो कि संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्राकृतिक जल स्रोतों का एक विशेष महत्व है, जिसे हमारे पूर्वज भली-भांति जानते थे, लेकिन आज के लोगों की इन प्राकृतिक जल स्रोतों के प्रति प्रवृत्ति बिल्कुल असंवेदनशील हो गयी है। पहले सभी एक साथ मिल कर प्राकृतिक जल स्रोतों से जल लेने जाते थे तथा वहां की सफाई भी करते थे, जिससे प्राकृतिक संतुलन भी बरकरार रहता था, लेकिन आज के लोग सुबह पानी लाना तो छोड़ो, नल में आये पानी को भर लें, वही बहुत बड़ी बात है।**

# विलुप्ति की ओर प्राकृतिक जल स्रोत

प्रो मनोज डोगरा

'जल है तो कल है।' सामान्य मानव जीवन में अक्सर सभी इन पंक्तियों को सुनते-पढ़ते आए हैं तथा इसके भावार्थ को भी अच्छे तरीके से समझते हैं, लेकिन ज्ञान होने के बावजूद भी लोग जल को व्यर्थ में बहाने से बाज नहीं आते, यह जानने के बावजूद भी कि जल ही इस पृथ्वी पर सभी जीवों के जीवन का आधार है।

प्राकृतिक जल स्रोतों का एक विशेष महत्व है, जिसे हमारे पूर्वज भली-भांति जानते थे, लेकिन आज के लोगों की इन प्राकृतिक जल स्रोतों के प्रति प्रवृत्ति बिल्कुल असंवेदनशील हो गयी है। पहले सभी एक साथ मिल कर प्राकृतिक जल स्रोतों से जल लेने जाते थे तथा वहां की सफाई भी करते थे, जिससे प्राकृतिक संतुलन भी बरकरार रहता था, लेकिन आज के लोग सुबह पानी लाना तो छोड़ो, नल में आये पानी को भर लें, वही बहुत बड़ी बात है।

कहीं न कहीं प्राकृतिक जल स्रोतों के विलुप्त होने के पीछे आमजन का ही हाथ है और प्रशासन की अनदेखी भी इनकी विलुप्तता को और बढ़ावा देती है। जब आप छोटे थे, तो उस समय कितने जल स्रोत आसपास होते थे लेकिन समय के साथ ये सब विलुप्त होते जा रहे हैं, जिनको बचाना आमजन यानी हम और आप की नैतिक जिम्मेदारी है। अनेक स्वयंसेवी एवं युवा संस्थाएं इनके संरक्षण के प्रति सक्रिय हैं और लगातार इस क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। इसी प्रकार से अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आगे आना तथा प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण को अपना लक्ष्य बनाना होगा, क्योंकि जल के बिना कल की कल्पना एक अधूरा एवं धुंधला सपना-सा प्रतीत होता है।

**भारत सरकार भी जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल व नल' जैसी योजनाओं से प्रत्येक घर तक जल पहुंचा रही है।**



**जल पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमूल्य संसाधन है। जैसा कि सभी को ज्ञात ही है कि धरती का लगभग तीन-चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किंतु इसमें से 97 प्रतिशत पानी खारा है, जो पीने योग्य नहीं है। पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3 प्रतिशत है। इसमें भी 2 प्रतिशत पानी ग्लेशियरों एवं बर्फ के रूप में है।**

जल पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमूल्य संसाधन है। जैसा कि सभी को ज्ञात ही है कि धरती का लगभग तीन-चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किंतु इसमें से 97 प्रतिशत पानी खारा है, जो पीने योग्य नहीं है। पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3 प्रतिशत है। इसमें भी 2 प्रतिशत पानी ग्लेशियरों एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1 प्रतिशत पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है।

सोचो, अगर इस 1 प्रतिशत जल को भी हम यूं ही व्यर्थ में बहा देंगे तो इस्तेमाल करने के लिए जल की पूर्ति कहां से संभव हो पायेगी, यह एक चिंतनीय विषय है, जिस पर समाज में बात व गहन विचार करने की आवश्यकता है।

नगरीकरण एवं औद्योगिकीकरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं कि बस जैसे-तैसे गर्मी का सीजन निकल जाये, बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोच कर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाए रहते हैं। हमारा यही असंवेदनशील रवैया हमें कल जल से वंचित करवायेगा, यह स्पष्ट है।

शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता और संबंधित ढेरों समस्याओं को जानने के बावजूद देश की बड़ी आबादी जल संरक्षण के प्रति सचेत नहीं है। जहां लोगों को मुश्किल से पानी मिलता है, वहां लोग जल की महत्ता को समझ रहे हैं, लेकिन जिन्हें बिना किसी परेशानी के जल मिल रहा है, वही बेपरवाह नजर आ रहे हैं।

आज भी शहरों में फर्श चमकाने, गाड़ी धोने और गैर-जरूरी कार्यों में पानी को निर्ममतापूर्वक बहाया जाता है। प्रदूषित जल में आर्सेनिक, लौहांश आदि की मात्रा अधिक होती है, जिसे पीने से तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी व्याधियां उत्पन्न हो जाती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन के अनुसार दुनिया भर में 86 फीसदी से अधिक बीमारियों का कारण असुरक्षित व दूषित पेयजल है। वर्तमान में करीब 1600 जलीय प्रजातियां जल प्रदूषण के कारण लुप्त होने की कगार पर हैं, जबकि विश्व में करीब 1.10 अरब लोग दूषित पेयजल पीने को मजबूर हैं और साफ पानी के बगैर ही अपना गुजर-बसर कर रहे हैं।

जल संरक्षण को हम सभी को अपने दैनिक जीवन का संकल्प बनाना होगा तथा इसे मानसिक से व्यावहारिक स्तर पर लाना होगा। हमें जल एवं वातावरण को अपने पूर्वजों की देन नहीं समझना, बल्कि इसे तो हमने अपनी आने वाली पीढ़ी के उद्धार स्वरूप लिया है, जिसे हमने जिस मात्रा एवं रूप में लिया है, उसे उसी रूप व मात्रा में दोबारा वापस करना है, ऐसी मानसिकता व धारणा के साथ जब सभी व्यक्ति जल जैसे सीमित संसाधनों का उपभोग करेंगे तभी इनका संरक्षण संभव हो सकता है।

एनजीओका एवं युवाओं को जल संरक्षण जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, ताकि जन-जन तक जल संरक्षण की विधियां, लाभ व संदेश पहुंच सकें।

भारत सरकार भी जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल व नल' जैसी योजनाओं से प्रत्येक घर तक जल पहुंचा रही है, लेकिन इसका संरक्षण करना आमजन का कर्तव्य ही नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी है।

## देश-विदेश की खबरें

### मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले, अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

# पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत मेधावी छात्रों को मिलेगा सस्ता लोन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का मकसद है कि मेधावी छात्रों की पढ़ाई में अड़चन न आये। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का लाभ एजुकेशन लोन में मिलेगा। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए बैंकों से 10 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण सस्ती दरों पर लिया जा सकेगा। वैष्णव ने बताया कि मेधावी बच्चे बैंकों से लोन उच्च शिक्षण संस्थानों से पढ़ाई के लिए लोन ले सकेंगे। इस योजना के प्रभाव से अब पैसे की कमी के कारण बच्चों की उच्च शिक्षा में कोई अड़चन नहीं आयेगी। शिक्षा ऋण गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करेगा। वैष्णव ने बताया कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से समर्थन-मुक्त, गारंटर-मुक्त ऋण लिया जा सकेगा।

**क्या है पीएम विद्यालक्ष्मी योजना :** वैष्णव ने बताया कि ऐसे परिवार, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय आठ लाख रुपये है, के छात्रों की पढ़ाई के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के ऋण पर तीन फीसदी ब्याज अनुदान मिलेगा। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर भारत सरकार 75 फीसदी क्रेडिट गारंटी देगी। उन्होंने कहा कि मिशन मोड तंत्र शिक्षा के विस्तार को सुगम बनायेगा।

**एफसीआइ को 10,700 करोड़ रुपये की पूंजी :** मेधावी बच्चों की पढ़ाई के अलावा कैबिनेट ने कई और अहम फैसले लिये हैं। वैष्णव ने बताया कि खाद्यान्न की खरीद में एफसीआइ की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आज भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) को मजबूत करने का निर्णय भी लिया गया। कैबिनेट ने एफसीआइ को 10,700 करोड़ रुपये की नयी इक्विटी पूंजी देने का निर्णय लिया है।

# संवैधानिक मूल्यों को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं मोदी : प्रियंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा और उसके नेता नरेंद्र मोदी समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक मूल्यों को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रियंका ने दावा किया कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने देश में विभाजनकारी राजनीति की और सत्ता में बने रहने के लिए लोगों का ध्यान उनकी वास्तविक समस्याओं से भटकाने की कोशिश की। मलप्पुरम जिले के वंडूर विधानसभा क्षेत्र के चेरुकोड में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब किसी देश में इस तरह की राजनीति शक्तिशाली हो जाती है, तो लोगों के दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में अपने पांच दिवसीय उपचुनाव प्रचार के चौथे दिन आरोप लगाया कि भाजपा शासन में देश में किसानों या मध्यम और छोटे व्यवसायियों के लिए कोई सहायता प्रणाली नहीं थी। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम कारोबार देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और वे बहुत सारे रोजगार पैदा करते हैं, लेकिन उन्हें भी किसानों की तरह ही समर्थन की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी दोहराया कि वायनाड में मसालों सहित उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों का उत्पादन करने के बावजूद कई किसानों को कृषि में कोई भविष्य नहीं दिखता है, छात्रों और आम लोग बेहतर नौकरी के अवसरों और उच्च शिक्षा के लिए विदेश पलायन कर रहे हैं।

# इस्ट इंडिया कंपनी खत्म हो गयी, लेकिन उसकी जगह सिंडिकेट ने ले ली है: राहुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि मूल इस्ट इंडिया कंपनी देश से 150 साल पहले ही खत्म हो गयी थी, लेकिन अब उसकी जगह नयी नस्ल के एकाधिकारवादियों (सिंडिकेट) ने ले ली है। उन्होंने कहा कि इस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी व्यापारिक ताकत के दम पर नहीं, बल्कि भारत पर नियंत्रण कर देश को गुलाम बनाया। राहुल गांधी ने एक मीडिया संस्थान के लिए लिखे लेख में ये बातें कहीं। उन्होंने इस लेख को सोशल मीडिया पर भी साझा किया है। राहुल गांधी ने लिखा कि इस्ट इंडिया कंपनी ने हमारे देश के राजाओं और नवाबों के साथ साझेदारी कर, उन्हें रिश्वत देकर या फिर डरा-धमका कर इस देश पर नियंत्रण किया। उसने हमारे देश के बैंकिंग, प्रशासनिक और सूचना तंत्र पर नियंत्रण किया। हम किसी देश से अपनी आजादी नहीं हारे, बल्कि हमें एक एकाधिकारवादी निगम ने हराया और फिर दमनकारी तंत्र चलाया। अब मूल इस्ट इंडिया कंपनी तो खत्म हो गयी है, लेकिन अब उसकी जगह एकाधिकारवादियों की नयी नस्ल ने ले ली है। राहुल गांधी के इस लेख को केंद्र सरकार पर हमला माना जा रहा है। राहुल गांधी अक्सर सरकार पर कुछ पूंजीपतियों का समर्थन करने का आरोप लगा चुके हैं।

राहुल गांधी ने लेख में लिखा कि ये एकाधिकारवादी बहुत ज्यादा संपत्ति अर्जित कर रहे हैं, जबकि भारत देश सभी का है और इससे असमानता बढ़ रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लिखा कि हमारे संस्थान अब हमारे लोगों के नहीं हैं। वे एकाधिकारवादियों के इशारे पर चलते हैं। लाखों व्यवसाय नष्ट हो गये हैं और भारत अपने युवाओं के लिए रोजगार पैदा नहीं कर पा रहा है। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि अपना भारत चुनें: निष्पक्ष खेल या एकाधिकार? नौकरियां या कुलीनतंत्र? योग्यता या संबंध? नवाचार या डराने-धमाकाने वाला माहौल? संपत्ति सभी के लिए या फिर बस कुछ लोगों के लिए? उन्होंने लिखा, भारत माता अपने सभी बच्चों की मां हैं। उनके संसाधनों और सत्ता पर कुछ लोगों का एकाधिकार भारत मां को चोट पहुंचाता है। मैं जानता हूं कि भारत के सैकड़ों प्रतिभाशाली कारोबारी, एकाधिकारवादियों से डरते हैं। क्या आप उनमें से एक हैं? आप एकाधिकारवादियों द्वारा राज्य के साथ सांठगांठ करके आपके क्षेत्र में घुसने और आपको कुचलने से डरते हैं?

### धारा 370 की बहाली का प्रस्ताव पास, भाजपा का विरोध

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भारी हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला सरकार ने धारा 370 की बहाली की दिशा में अहम कदम उठाते हुए बुधवार को विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को फिर से लागू करने के लिए चुने गये प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने की अपील की गयी। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव में पांच अगस्त 2019 को हटाये गये धारा 370 की बहाली की मांग दोहरायी गयी। प्रस्ताव में जोर देते हुए कहा गया कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा राज्य के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा, अनुच्छेद 370 को एकतरफा ढंग से हटाये जाने पर गहरी चिंता है और इसे राष्ट्रीय एकता के साथ संतुलित रखते हुए जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए बहाल किया जाना चाहिए। प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होते ही विधानसभा में विपक्षी भाजपा सदस्यों ने इस पर कड़ा विरोध जताया। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने प्रस्ताव को कार्यसूची में शामिल नहीं होने का तर्क देते हुए इसे असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा, यह अधिनियम देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक मंदिर, संसद, द्वारा पारित किया गया है। भाजपा के सदस्यों ने आक्रोश जताते हुए प्रस्ताव की प्रतियों को फाड़कर सदन के वेल में फेंक दिया, जिससे सदन में भारी हंगामा हो गया। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठर ने प्रस्ताव पर मतदान कराते हुए इसे पास कर दिया। भाजपा के विरोध और सदन में शोर-शराबे के चलते अध्यक्ष ने बैठक को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। बता दें कि धारा 370, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करता था, को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था, जिससे राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, में विभाजित कर दिया गया था।

# सीएम सिद्धारमैया से लोकायुक्त पुलिस ने दो घंटे तक की पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मूडा साइट आवंटन मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया एक समन के जवाब में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टीजे उदेश के नेतृत्व वाली टीम के सवालों के जवाब दिये। लोकायुक्त के एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। पूछताछ के बाद सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि मुझसे पूछताछ की गयी। मैंने सब सच बताया है। इस बीच मैसूर में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश होने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकायुक्त सीबीआइ की तरह एक स्वतंत्र एजेंसी है। मैंने लोकायुक्त द्वारा पूछे गये सभी सवालों के जवाब दे दिये हैं। मेरे जवाब को लोकायुक्त ने रिकॉर्ड कर लिया है। वे आगे की जांच करेंगे। मेरी पत्नी ने उन साइटों को यह कहते हुए वापस कर दिया है कि मेरे खिलाफ आरोप हैं। लोकायुक्त पुलिस के पूछताछ करने के बाद सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि भाजपा और जेडीएस ने मुझ पर झूठे आरोप लगाये हैं। मेरे खिलाफ झूठा केस बनाया गया है। मुझसे पूछताछ की गयी। मैंने सच बताया है। सिद्धारमैया ने कहा कि जब तक किसी भी गलत काम के बारे में अदालत द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक मेरी छवि पर कोई काला धब्बा नहीं है।

### सड़क चौड़ीकरण के लिए घर ध्वस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# 25 लाख का मुआवजा देने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यूपी सरकार को सड़क चौड़ी करने के लिए घर को गिराये जाने के मामले में कड़ी फटकार लगायी। कोर्ट ने इस कार्रवाई को अत्याचारी और कानून के अधिकार के बिना लिया गया एक्शन करार दिया। चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़, जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली बेंच ने यूपी सरकार से उन लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया, जिनका घर इस कार्रवाई के दौरान गिरा दिया गया था। सुनवाई के दौरान जस्टिस पारदीवाला ने कहा, आप बुलडोजर लेकर रातों-रात घर नहीं तोड़ सकते। आप परिवार को घर खाली करने का समय नहीं देते। घर के सामान का क्या? उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। बेंच ने राज्य के मुख्य सचिव को अवैध तोड़फोड़ के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच करने का निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत मनोज टिबरेवाल आकाश द्वारा भेजी गयी एक शिकायत के आधार पर 2020 में दर्ज एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी, जिनका घर 2019 में राज्य के अधिकारियों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि राजमार्ग पर कथित रूप से अतिक्रमण करने के लिए बिना किसी पूर्व सूचना या स्पष्टीकरण के उनके घर को ध्वस्त कर दिया गया। जब राज्य सरकार ने कहा कि याचिकाकर्ता ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किया है, तो सीजेआइ चंद्रचूड़ ने कहा, आप कहते हैं कि वह 3.7 वर्ग मीटर का अतिक्रमण था। हम इसे स्वीकार करते हैं। हम उसे इसके लिए कोई प्रमाण पत्र नहीं दे रहे हैं, लेकिन आप इस तरह से लोगों के घरों को कैसे ध्वस्त करना शुरू कर सकते हैं? यह अराजकता है, किसी के घर में घुसना। बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता को कोई नोटिस नहीं दिया गया और कोई उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। बेंच ने यूपी सरकार से कहा, यह पूरी तरह से मनमानी है।

# महापर्व छठ का दूसरा दिन : खरना संपन्न

आजाद सिपाही टीम



**कांडी।** लोक आस्था के महापर्व छठ का सामूहिक महान अनुष्ठान का विराट आयोजन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ शुरू हो गया। इस दौरान हजारों की संख्या में निराहार व्रतियों ने सभी जीवो के उद्गम भगवान भास्कर को श्रद्धा पूर्वक अर्घ्य प्रदान किया। मंगलवार को नहाए खाए के साथ चार दिनों का कठिन महाव्रत छठ शुरू हो गया। इस दिन व्रतियों ने नदियों एवं पवित्र जलाशयों में स्नान कर घर में शुद्धता एवं पवित्रता के साथ लउका, भात व चने की दाल बनाकर खरना किया एवं प्रसाद स्वरूप उसका वितरण किया। जबकि बुधवार को कतिकी छठ का उपवास शुरू हो गया। आज दिन के तीसरे प्रहर से ही चारों तरफ से छठ के गीत सुनाई पड़ने लगा। इसलिए कि सतबहिनी झरना तीर्थ पहुंचने वाले सभी रास्तों से पैदल एवं छोटे बड़े वाहनों पर सवार होकर निराहार छठ व्रती एवं उनके परिजन छठी मइया का गीत गाते हुए छठ घाट तक पंहुचे।लोगों ने झरना घाटी में पहुंचकर तिल, जौ एवं अक्षत पानी में डालकर जल जगाया। जहां उन्होंने चंद्रास्त के पहले साठी चावल की खीर एवं बिना चकला बेलन की बनी हुई पक्की रोटी खाकर खरना किया। इसके बाद चांद को अर्घ्य दिया। उसके पश्चात 36 घंटे की कठिन तपस्या प्रारंभ हो गई। इस अवधि में तमाम छठ व्रती उपवास के साथ-साथ जल भी ग्रहण नहीं करेंगे। इस मौके पर प्रखंड मुख्यालय कांडी स्थित पोखरा पर नवनिर्मित सूर्य मंदिर सह टेंपल इन वॉटर के समक्ष लोक आस्था के महापर्व छठ का विराट आयोजन किया गया है। जहां दर्जनों गांव के सैकड़ो व्रतियों ने संझत के दिन अस्ताचल गामी सूर्य को पहला अर्घ्य प्रदान किया। मौके पर अपने अपने थाला के निकट छठी मैया एवं सूर्य भगवान की स्तुति कर सभी ने घर की ओर प्रस्थान किया। इसी तरह सोन तटीय एवं कोयल तटीय गांवों की व्रतियों ने नदी की जलधारा के निकट महाव्रत छठ की शुरूआत की। सबों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य प्रदान कर अपने घरों में विधिवत खरना किया।

## छठ व्रतियों के बीच फल और पूजन सामग्री का वितरण



**मेराल (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता एवं पत्नी सरीता देवी के द्वारा अपने निवास सह प्रतिष्ठा के सामने स्टाल लगाकर छठ व्रतियों के बीच फल और पूजन सामग्री का वितरण समारोह पूर्वक किया गया। फल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि छठ महापर्व प्रकृति पूजा है जिसमें अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य इस विश्वास के साथ दिया जाता है की सूर्योदय होने वाला है। श्रद्धालुओं के कहने पर उन्होंने कहवा पाइबो सोने के कटोरा नमक छठ गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। मौके पर समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जब तक छठी मईया मुझे शक्ति देंगे तब तक फलाहार का वितरण करते रहेंगे। मौके पर मुखिया रामसागर महतो, सेवानिवृत शिक्षक गोपाल राम विनोद प्रसाद अशोक राम महेंद्र प्रसाद ने लोगों को छठ महापर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि मानता के अनुसार छठ महापर्व भिक्षाटन कर करने की परंपरा है।

## विहिप सह बजरंग दल पंचायत कमिटी ने किया फल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड के रारो बाजार परिसर में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल पंचायत कमिटी के नेतृत्व में लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर फलाहारी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, जिप सदस्य मोहन पासवान, भाजपा मंडल प्रभारी पंकज विश्वकर्मा, उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष यादव, पप्पू यादव आदि ने अपने हाथों से वितरण कर शुरूआत किया। इस दौरान लगभग तीन सौ छठव्रतियों के बीच फल तथा पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, जितेंद्र कुमार यादव, रंजन पासवान, बिमलेश यादव, रंजीत विश्वकर्मा, विकास यादव, भानु कुमार यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।**
(जिला निर्वाचन शाखा)

**आदेश**

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 6727 दिनांक 05–11–2024 एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 691 दिनांक 22–10–2024 के आलोक में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा–4 के अधीन कोडरमा जिला अन्तर्गत 19–कोडरमा विधान सभा क्षेत्र, 20–बरकठठा विधान सभा क्षेत्र (अंश) एवं 21–बरही विधान सभा क्षेत्र (अंश) के सभी 628 मतदान केन्द्रों को **"तम्बाकू मुक्त क्षेत्र"** घोषित किया जाता है।

मतदान केन्द्र परिसर में किसी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ, यथा–सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा इत्यादि का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

आदेश का उल्लंघन करने पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के सुसंगत प्रावधान के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 339938 (Election) 24-25 (D)

## व्रतधारियों के स्नान के लिए बनाया गया कृत्रिम झरना



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ धूम धाम से मनाया जा रहा है। व्रतधारियों ने एक दिन पूर्व नहाय खाय के साथ पूरे विधि विधान से बुधवार को पहला भगवान भास्कर का पहला अर्घ्य समर्पित किया। प्रखंड मुख्यालय के तेंढकी पुल स्थित छठ पूजा समिति के द्वारा छठ व्रतधारियों के स्नान के लिए कृत्रिम झरना, रोशनी,ध्वनि आदि की व्यवस्था की गयी। वही गम्हरिया गांव स्थित सनराइज कल्ब के द्वारा,थाना के समीप गंगा छठ घाट समिति, महा शिव शक्ति क्लब भागोडीह के द्वारा सफाई, रोशनी, ध्वनि के साथ साथ व्रतधारियों के बैठने की व्यवस्था किया गया है। इस अवसर पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद गुप्ता ने बताया की व्रतधारियों के सभी प्रकार का सुविधा के लिए कार्य कर रही है। कहा की व्रती को किसी प्रकार का परेशानी नहीं हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

## आरके पब्लिक स्कूल में छठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**छठ पर्व संस्कृति, संस्कारों और धर्म के प्रति आस्था को बढ़ावा देता है : अलखनाथ**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व 'छठ पूजा ' के अवसर पर आर के पब्लिक स्कूल में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र -छात्राओं ने श्रद्धा व भक्ति से भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ चार दिनों तक चलने वाला अनुष्ठान है, जिसमें विशेष नियमों का पालन किया जाता है। आजकल युवा-किशोर रियल लाइफ से दूर होकर रील्स बनाने में रुचि रखते हैं जिससे वे अपनी संस्कृति और संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में सांस्कृतिक विकास होता है और उनकी जड़ें अपनी परंपराओं से जुड़ी रहती है। निदेशक ने सभी लोगों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के बच्चों के द्वारा छठ पर्व के पारंपरिक गीतों पर जीवंत झांकी ने लोगों को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। इस क्रम में बच्चों ने पारंपरिक छठ गीत गायन के साथ आकर्षक एवं मनोरम झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में पद्मभूषण और पद्मश्री से सम्मानित बिहार कोकिला शारदा सिन्हा की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा की गयी और उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुप कुमार पांडेय, शिखा रानी, एसडी सिंह, सनोज यादव, इम्तियाज खान की भूमिका सराहनीय रही।

# हमारी सीधी लड़ाई भाजपा से, झामुमो तीसरे नंबर पर है : गिरिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी गिरिनाथ सिंह ने कहा है कि उनकी सीधी लड़ाई भाजपा प्रत्याशी से है। जबकि झामुमो के प्रत्याशी लड़ाई से बाहर हैं और तीसरे नंबर पर हैं। बुधवार को गोविंद उवि के मैदान के समीप चुनावी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा चुनाव में धोती, साड़ी, टी शर्ट, घड़ी, शराब के साथ नकद राशि खूब बांटी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन भी इसमें सहयोग कर रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने चुनाव आयोग से भी की है। श्रीसिंह ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पांच साल के कार्यकाल में भय का वातावरण पूरे क्षेत्र में व्याप्त रहा है। समाज के प्रतिष्ठित लोग, व्यवसायी, सरकारीकर्मी सहित आम लोग भय से विवश होकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब चुनाव के समय लोगों को लालच व प्रलोभन देकर अपनी ओर करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन जनता अपने विवेक से समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आशिक अंसारी ने कहा कि गढ़वा में चुनाव अब करोड़ो रुपये का हो गया है। जिन्होंने पांच साल तक अरबों रुपये लूटा है, वे क्षेत्र में करोड़ो रुपये बांटकर चुनाव जितने का सपना देख रहे हैं।

**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
**-:आम सूचना:-**
**(cVIGILApp)**

भारत निर्वाचन आयोग, नईदिल्ली द्वारा दिनांक 15.10.2024 से विधानसभ आम चुनाव, 2024 के निमित आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गयी है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु विभाग द्वारा 24x7District Contact Center का अधिष्ठापन किया गया है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरांत जिले के हेल्पलाईन नं0 1950 (06525–225043) को चार Hunting Line यथाः–1 06525–225043, 2. 06525–299921,3. 06525–299968, एवं 06525–299980 को 1950 के साथ जोड़ दिया गया है।

साथ ही, सिमडेगा जिला में एक जिला नियंत्रण कक्ष भी संचालित है, जहाँ 9608015586 /06525–299908 एवं100 पर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। cVIGIL App नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचारसंहिता (MCC)/व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए एक ऑनलाइन एप्लिकेशनहै। यह सतर्क नागरिकों को आदर्श आचार संहिता/व्यय उल्लंघन की घटनाओं को देखने के कुछ ही मिनटों के भीतर लाइव रिपोर्ट देने की अनुमति देता है। अब उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय तक दौड़ने की जरूरत नहीं है। किसी भी नागरिक को बस एक तस्वीर क्लिक करनी है या एक वीडियो रिकॉर्ड करना है, गति विधि का वर्णन करना है और उसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपलोड करना है। आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत/सूचना अपलोड करते ही नियंत्रण कक्ष एवं उड़न दस्ता टीम द्वारा सक्रिय होकर शिकायत की जाँच एवं कार्रवाई 100 मिनट की भीतर की जायेगी।

जिले के समस्त नागरिकों से अपील है कि चुनाव प्रचार के क्रम में आदश आचार संहिता उल्लंघन के मामलों से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायत पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.339911 Simdega(24-25):D

# चुनाव में बदला लेगी जनता: सत्येंद्रनाथ तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मंगलवार देर शाम और बुधवार को अलग-अगल कार्यक्रम के दौरान गढ़वा, मेराल और रंका प्रखंड के एक हजार से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सभी को भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर एनडीए प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में गढ़वा सहित पूरे झारखंड में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए में शामिल दलों के प्रत्याशियों की जीत हो रही है। जनता हेमंत सरकार से परेशान हो चुकी है। गढ़वा के इस चुनाव में मंत्री सह झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर को अपनी जमानत बचाना मुश्किल हो जायेगा। अपनी करारी हार को देखकर मंत्री पूरी तरह से बौखलाहट में है। यहीं कारण है कि मंत्री मेराल के तरके में सोमवार की रात विशेष समुदाय के अपने गुर्गे के द्वारा हिंदूओं को पिटवाने पर उतारू हो चुके। तरके गांव में चौधरी सहित अन्य अति पिछड़े समाज के निर्दोष लोगों के साथ जमकर मारपीट की गई है। उन्होंने कहा कि वह तरके गांव में हुए मारपीट की घटना की जानकारी एसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों को देकर घटना में संलिप्त विशेष समुदाय के लोगों पर कार्रवाई करने को कहा। लेकिन पुलिस ने मंत्री के दबाव में कार्रवाई करना तो दूर, पिटाई से घायल लोगों को ही डरा-धमकाकर मामलें में दबाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही तरके में लोगों के साथ हुई मारपीट, लखना में मां दुर्गा की प्रतिमा रोके जाना, शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी की महिला और बेटी के साथ एक विशेष समुदाय के व्यक्ति के द्वारा मारपीट की घटना करने वाले सभी आरोपियों को सख्त सजा दिलाकर हिंदूओं के अपमान का बदला लिया जायेगा। उन्होंने एसपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि एसपी सहित कई पुलिस पदाधिकारी मंत्री के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुछ थाना प्रभारी एवं कुछ प्रखंड-अंचल के बीडीओ और सीओ भी झामुमो के कार्यकर्ता बनकर मंत्री को चुनाव जिताने की चिंता में है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मंत्री चाहे कितना भी पैसा और सामाग्री का वितरण करले, जमानत बचाना मुश्किल है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही वैसे सभी भ्रष्ट्र अधिकारियों को सबक सिखाया जायेगा।

**प्रारूप C-1**

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट चाचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता :- **अशोक कुमार गहलोत**
राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय**
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहाँ निर्दलीय लिखे)
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा चुनाव 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **27, चतरा (अ0 जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र।**

मैं **अशोक कुमार गहलोत** उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने अपराधिक पूर्ववृत्व के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोशित करता हूँ।

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM (Ranchi) | 215/2018 Kotwali P.S. | Evidence | 420, 467,468,471,504,34 I.P.C. Related to flats. |
| 2 | 3-J.M.F.C.-III (Ranchi) | 16/2016 Argoda P.S. | Evidence | 420, 406 I.P.C. Related to flats. |
| 3 | 18-J.M.F.C. – XVIII, (Ranchi) | 05/2015 Bariyatu P.S. | Rejoinder | 420,406,467,468,471,120, 34 IPC Related to flats. |
| 4 | 18-J.M.F.C. – XVIII, (Ranchi) | 27/2017 Argoda P.S. | Mediation | 406,420,467,468,471 I.P.C. Related to flats. |
| 5 | 14-J.M.F.C- XIV (Ranchi) | 297/2014 Bariyatu P.S. | Statement | 467,468,406,420 I.P.C. Related to flats. |
| 6 | 33-J.M.F.C.-XXXII (Ranchi) | GR 4019/2014 | Evidence | 47 C.P.C. Related to flats. |
| 7 | 120-A.C.J.M-II (Patna) | 157/2012 Patna Sadar | Evidence | 406,420 I.P.C. & 138 NI Act. |

B). दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण :–

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | शून्य | शून्य | शून्य |

ह0/-
अशोक कुमार गहलोत
निर्दलीय
विधानसभा चुनाव 2024, झारखण्ड

# रंका भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और एआइएमआइएम के जिला सचिव सहित कई लोग झामुमो में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एआईएमआईएम के गढ़वा जिला सचिव फैज अंसारी एवं भाजपा रंका के पूर्व मंडल अध्यक्ष भुधेश्वर सिंह ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थाम लिया। साथ ही बुधवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से 1000 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हुए। सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी ने विधानसभा चुनाव में तीर धनुष छाप पर वोट देकर मंत्री ठाकुर को भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में विरोधियों की जमानत जब्त हो जायेगी। भाजपा सहित कई अन्य दल कार्यकर्ता विहीन होने के कगार पर पहुंच गये हैं। गढ़वा की जनता ने विकास का साथ देते हुए विकास की गाड़ी को और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से ऐतिहासिक जीत दिलाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यां एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलायी जा रही जनहित की बेहतर योजनाओं से प्रभावित होकर दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। जनता की इस रूझान से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम : डॉ रामेश्वर उरांव

**एआइएमआइएम के सैकड़ो युवाओ ने थामा कांग्रेस का दामन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (अखिल भारतीय मुश्लिम एकता संघ) के जिलाध्यक्ष समेत सैकड़ो की संख्या में युवाओ ने कांग्रेस पार्टी और उसकी नीतियों पर आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं मंत्री सह प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने सबको कांग्रेस का पट्टा एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने युवाओं को आवाह्न किया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही सबको विश्वास दिलाते हुए कहा कि उनके दुखः दर्द में वह हमेशा साथ रहेंगे। कांग्रेस में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिलेगा।

पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि कहा कि युवाओं का भविष्य केवल कांग्रेस पार्टी में ही सुरक्षित है। कांग्रेस ने युवाओं को हमेशा अहम भूमिका प्रदान की है। कांग्रेस ने युवाओं को सक्रिय राजनीति का हिस्सा बनाया। कांग्रेस ने कभी नफरत की राजनीति नहीं कि बल्कि हमेशा प्यार की राजनीति की है। कांग्रेस ने सभी का बराबर सम्मान दिया है। कांग्रेस का एजेंडा सिर्फ विकास रहा है। कांग्रेस ने कभी हिन्दू-मुस्लिम को आपस में लड़वाने का काम नहीं किया। जो लोग देश में नफरत की बीज बो रहे हैं कांग्रेस ने उनके खिलाफ लड़ाई लड़ी है। कांग्रेस ने देश को जोड़ने का काम किया है और एकता का संदेश दिया है। सभी लोगों को बराबर का दर्जा दिया। कांग्रेस ने महिलाओं को सम्मान दिया और देश को आगे बढ़ाया। मौके पर हाजी सज्जाद खान, मोंटी खान, जीशान खान, जसीम अंसारी, सफाकत हुसैन, समीम खान, साजिद खान, आरिफ खान, मोख्तार आलम, रफत हुसैन, मो राजा, मो मोख्तार, मो राजन, रिंकू कुरैशी, सज्जाद आलम, मोबिन रिजवान, शकील इकबाल, शैयद शाहिद, अरमान अंसारी, खालिद रज्जा, आमीन खान, रेहान आलम, खुबैद खान, समेत सैकड़ो की संख्या में युवा उपस्थित हुए।

# संजीव सरदार ने पोटका के दर्जनों गांवों का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** पोटका विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार ने पोटका प्रखंड के दर्जनों गांव का दौरा किया। बुधवार को श्री सरदार ने मुकुंदपुर, मदनसाई, रायपुर, सानग्राम, जोजोसाई,द्वारसिनी, तिलाईझोर, दिगारसाई,हेंसागोडा, छोटा आमदा, बड़ा आमदा गांव के लोगों से मुलाकात कर तीर कमान पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील किया। इस अवसर पर श्री सरदार ने द्वारा देवली चौक में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया।मौके पर श्री सरदार ने कहा पोटका विधानसभा क्षेत्र के बुजुर्ग, भाई, दादा, मां, बहन के आशीर्वाद से पांच साल तक सेवा करने का मौका मिला। पांच साल तक सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहचाने का काम किया। ग्रामीणों को मांग पर कई योजनाओ को धरातल में उतारने का काम किया। मंईयां सम्मान योजना का लाभ देकर महिलाओ को सशक्त बनाने का किया। साथ ही बुजुर्गों को पेंसन उपलब्ध कराया गया। प्रत्येक दिन नियमित तुरामडीह, हाता, उदाल एवं डुमरिया कार्यालय मे जनता दरबार लगाकार लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान किया गया। श्री सरदार ने कहा झारखंड सरकार में पांच साल पोटका विधान सभा मे काफी सुधार हुआ है। योजनाओं का लाभ लोगों को मिला है। श्री सरदार ने कहा जनता के बीच के प्रतिनिधि होने के नाते पोटका मे डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, हरिणा एवं रंकिनी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने का काम किया। ग्रामीणों की मांग पर सड़क व पुल-पुलिया का निर्माण कराया, गांव में लोगों के सुख-दुख मे हमेशा मदद किया। सभी से अपील है तीर-कमान छाप पर वोट डाल कर भारी मतों से विजयी बनायें। ताकि आपका बेटा व भाई को आगे भी विकास करने का मौका मिल सके। इस अवसर पर झामुमो नेत्री चंद्रावती महतो, सुनील महतो,सुधीर सोरेन, रजनी षाड़ंगी, नयन माहापात्र, भुवनेश्वर सरदार, जितेंद्र माहापात्र, तारणी सेन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बॉक्साइट यहां, तो फैक्ट्री भी यहीं लगनी चाहिए : नेहा महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के विभिन्न पंचायत में पदयात्रा के दौरान आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो ने कहा की यहां आने के बाद यह पता लगा की लोहरदगा जिले के चारों ओर प्रचुर मात्रा में बॉक्साइट हैं और यहां से बॉक्साइट बाहर ले जाया जाता है। अगर बॉक्साइट आधारित फैक्ट्री यहां लगायी जाती तो यहां का विकास होता। यहां के लोग पलायन को मजबूर नहीं होते। आज लोहरदगा जिला के लगभग सभी गांव से लोग रोजगार के लिए पलायन कर। दूसरे राज्य की ओर मुखातिब हो रहे हैं 70 सालों से जो लोग राज कर रहे हैं। आज भी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। उन्हें यह सब नहीं दिखता कि गांव का गांव रोजगार के अभाव में पलायन कर रहे हैं। अगर वह चाहते तो आज रोजगार की व्यवस्था इस जिले में कर सकते थे। लेकिन उन्हें सिर्फ अपनी तिजोरी भरने से मतलब है। जनता का दुख दर्द से उन्हें कोई लेना देना नहीं। जनता पिछले 60 सालों से इन्हें मौका पर मौका दे रही है पर यह सिर्फ जनता को ठगते आ रहे हैं, और आज फिर ठगने का कार्य में यह लगे हुए हैं। पहले तो स्थानीय विधायक बनकर ठगे अब बाहरी को लाकर विधायक बनकर ठगने के साथ-साथ लूटने का भी कार्य किया जा रहा है।

# छठ घाट पर अव्यवस्था से नाराज लोगों ने कार्यपालक पदाधिकारी को घेरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के गुदरी बाजार स्थित तलाब में हर वर्ष बिजली की व्यवस्था और सौंदर्यीकरण, घांट के चारदीवारी में रंग-रोगन, साफ-सफाई इत्यादि लोहरदगा नगरपालिका द्वारा कराया जाता रहा है, परंतु इस वर्ष नारपालिका द्वारा उदासीन रवैया अख्तियार करने से लोहरदगा के जनता में रोष व्याप्त है। इस बात की जानकारी होते ही एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने बुधवार सुबह घांट का मुआयना किया, और नगरपालिका के इस रवैये पर नाराजगी जताते हुए कार्यपालक पदाधिकारी को घाट आने का आग्रह किया। कार्यपालक पदाधिकारी ने पिछले कई वर्षों के छठ घाट में किए गए कार्यों को ऑडिट के दृष्टिकोण से गलत ठहराया और इस वर्ष भी संक्षिप्त में कार्य करने की बात कही। जिसपर स्थानीय लोगों ने कार्यपालक पदाधिकारी का जमकर विरोध किया और नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी की। नीरू शांति भगत ने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अविलंब पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी व्यवस्थाओं को करवाया जाये, जिसपर कार्यपालक पदाधिकारी ने जनता के सामने आश्वासन दिया।

# हेरहंज में हथियार और जिंदा कारतूस बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज।** थाना पुलिस ने टीएसपीसी के एक उग्रवादी श्रवण उरांव उर्फ हेमंत उर्फ अभय ग्राम आमडीह थाना, जिला रोहतास को पलामू व्यवहार न्यायालय से भौतिक रूप से पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड पर थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में इसके द्वारा स्वीकारोक्ति बयान पर बताया कि नवादा लातेहार मुख्य मार्ग पर जुलाई माह में लात जंगल में तुबेद कोल माइंस के दो हाइवा को आग के हवाले किया था। यह अभियुक्त को पांकी थाना पुलिस ने 29 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। हेरहंज थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ करने के बाद इसके निशानदेही पर तीन हथियार और 272 जिंदा कारतूस बरामद किया है। जिसमें 303 बोर के दो राइफल और एक एमआइ ग्रेंड 30 बोर का एक राइफल शामिल है। बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी ने प्रेसवार्ता में बताया कि सेमिओटोमैटिक राइफल द्वितीय विश्व युद्ध में उपयोग किया गया है। इस उपलब्धि में शामिल सभी पदाधिकारियों को पुरस्कृत के लिए अनुमोदन किया जायेगा।

# मंगल दोष मिटेगा, केला बगान सजेगा : संजय मालाकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी जिला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संजय मालाकार के नेतृत्व में तूपुंगदाना में सदस्यता अभियान चलाया गया। बुधवार को झामुमो के गढ़ से कुसुम पूर्ति की उपस्थिति में सदस्यता अभियान के दौरान झामुमो छोड़ सैकड़ों महिलाएं व पुरुष आजसू में शामिल हुए।मौके पर संजय मालाकार ने कहा त्यौहार के मौसम में सभी बुजुर्गो से फलों फूलों का आशीर्वाद मिल रहा है। इस बार चुनाव में मंगल ग्रह मिटाना है और जुगसलाई विधानसभा में केला का बगान लगाना है। इसलिए जुगसलाई विधान सभा मे केला पर बटन दबेगा और रामचंद्र सहीस भरी मतों से जीतेगा। कार्यक्रम का संचालन राहुल सिंह ने की। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष रौशन सिंह, संजय सिंह,शैलेंद्र सिन्हा, वीरेन स्वर्णकार, बबलू करुवा,कार्तिक सहिस, राजेंद्र भगत,अशोक यादव, अवनीश सिंह, भरत महतो, शिव कुमार,लक्ष्मण लहरी,कैलाश गोप, संजय सामंत, भरत भूमीज, आशीष मिश्रा, मुखिया संजू भूमिज, मनीषा सरदार, मीना गोप, सोनामुनी सामंत व अन्य शामिल रहे।

# अभय सिंह का बन्ना गुप्ता पर लोगों को धमकाने का आरोप, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा नेता अभय सिंह ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाया। बुधवार को पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा शहर के सभी अपराधी, सटटेबाज, फिरौती करने वाले लोग बन्ना गुप्ता के साथ देखे जाते है। कदमा में बीते दिनों भाजपा कार्यकर्ता नरेश सिंह से मारपीट की घटना बन्ना गुप्ता के समर्थकों के तानाशाही का सबसे निरंकुश उदाहरण है। श्री सिंह ने कहा शहर में लव जिहाद का मामला सामने आया। कई भोली-भाली बच्चियां पूरे झारखंड से लेकर जमशेदपुर में लव जिहाद का शिकार हो गई। प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन हुआ। लेकिन मंत्री रह कर बन्ना गुप्ता ने कभी भी इन मामलो में कोई कार्रवाई करने का प्रयास नही किया। शहर में बड़े पैमाने पर अवैध जमीन में बड़े इमारते बनाकर बेच दिया गया। जमीनों के बंदरबांट के सीधे तार बन्ना गुप्ता के लोगो से जुड़े पाये जाते है। रामनवमी में डीजे बजाने पर रोक लगायी जाती,लेकिन मंत्री बन्ना गुप्ता ने कोई हस्तक्षेप नही किया। उन्होंने हिंदु आस्था के मामलो में संवेदनहीनता का परिचय दिया। शास्त्रीनगर प्रकरण में मंत्री के घर के नजदीक घटना हुई लेकिन आज तक जाँच नही होने दिया। निर्दोष और बेकसूर को जेल भेज दिया गया। यदि मामले में एक समिती बनाकर प्रशासनिक जांच हो तो इसके तार भी मंत्री बन्ना गुप्ता के लोगों से जुड़े मिलते। सोनारी में एक तरफ गंगा आरती होती दुसरी तरफ हिंदु धर्म के लोगो व उनकी संस्कृति के साथ खिलवाड़ करते रहे। उन्होंने कहा आजादनगर में वोट की जांच करा दी जाये तो बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ का खुलासा हो सकता है।

# मानव दिवस विद्युत कर्मियों का छठ को लेकर आंदोलन स्थगित

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बरवाडीह क्षेत्र में कार्यरत मानव दिवस विद्युत कर्मी का चार माह का बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार से प्रमंडल में कार्यरत 50 से अधिक विद्युत कर्मी अपनी बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर विद्युत आपूर्ति ठप्प कर अनिश्चितकालीन हड़ताल मेंजाने वाले थे जिसे छठ महापर्व को देखते हुई स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध मिली जानकारी के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के बरवाडीह, गारु, महुआडांड़ में कार्यरत 50 से अधिक मानव दिवस विद्युतकर्मी का 4 माह से वेतन भुगतान नहीं हआ है। जिसके कारण इन मानव दिवस कर्मियों के समक्ष आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गया है।

# लोहरदगा छठ पूजा समिति के स्टॉल का उद्घाटन

**एक रुपये मूल्य पर व्रतियों के लिए उपलब्ध है फल : सुनील अग्रवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** छठ महापर्व को लेकर स्थानीय बाजार पूरी तरह छठमय में हो गया है। बुधवार को छठ पूजा समिति लोहरदगा द्वारा छठ व्रतीयों की सहूलियत के लिए फलों का विशाल और भव्य स्टॉल लगाया गया। छठ पूजा समिति के स्टॉल का उद्घाटन आइएमए जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, जय श्री राम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, मनोकामना सिद्धि दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश साहू, जय श्री राम समिति संरक्षिका सुषमा सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर विधिवत किया। इस दौरान उपस्थित शहर के गणमान्य लोगों ने इस पहल का हार्दिक स्वागत किया है। इस मौके पर जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि छठ पूजा समिति के स्टॉल में छठ व्रतियों को को लागत मूल्य से भी काम रुपये में सेव, संतरा, केलाकांधी, जट्टा नारियल, पानी फल, डमभा, ईख, गाजर, अमरूद समित अन्य फलों को सहज उपलब्ध कराया जा रहा है। सुनील अग्रवाल ने बताया कि, बड़ी संख्या में छठवर्ती महिलाओं को उपरोक्त फल एक रुपये मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जरूरतमंद छठव्रती को सहज फल उपलब्ध होने से त्यौहार की महिमा बड़ी है। लागत मूल्य से कम और कई छठ व्रती को एक रुपया मूल्य पर फल उपलब्ध कराने की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। छठ पूजा समिति के इस प्रयास से छठव्रती को सहूलियत हो रही है। छठ पूजा समिति के स्टाल में नवीन सोनी, संतोष महतो, अनूप अग्रवाल, महेंद्र प्रजापति, प्रमोद अग्रवाल, उज्जवल अग्रवाल आदि श्रमदान कर छठव्रतियों को फल उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहे हैं।

# आज सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे व्रती



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नहाय खाय के साथ मंगलवार को प्रारंभ हुआ छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को व्रतियों ने विधिवत सूर्य उपासना कर संध्या खरना पूजा की। खरना पूजा के बाद व्रतियों के यहां प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात्रि तक व्रतियों कें घरो में पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किये। व्रतियों के घरो में छठ का उत्सव छाया हुआ है। खरना को लेकर उत्साह के साथ श्रद्धालु छठ पूजा में भागीदारी निभा रहे है। छठ पर आधारित भक्तिमय गीतों की स्वर लहरियां सभी ओर सुनाई पड़ रही है। इससे वातावरण भक्तिमय बन गया है। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने की तैयारियां जोर शोर से व्रतियों और श्रद्धालुओ द्वारा की जा रही है। बाजार में लाल गेहू, चावल, फल, दोना, पत्तल, मिटटी के वर्तन, कपड़ा, पूजा सामग्री की खरीददारी की गई। शहर के बाजार छठ के सामानों से सजे है। सूप दौरा, फल व कपड़ा दुकान में छठ की खरीददारी की जा रही है। स्थानीय छठ बाजार में सूप दौरा समेत अन्य पूजा के उपयोग में आने वाले सामानो के दाम आसमान छू रहे है। सामानो की बढ़ती कीमत के बावजूद छठ की खरीददारी का उत्साह देखते बन रहा है।

## सूर्य को पहले अर्घ्य की तैयारी शुरू



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन छठ व्रतियों ने अपने-अपने नजदीकी छठ घाट नदी में स्नान कर सूर्य नमन कर अपने-अपने घरों में पहुंचकर खरना महापर्व का आयोजन किया। प्रखंड मुख्यालय के आदर्शनगर छठ घाट में छठ महापर्व की दूसरे दिन खरना पर्व की तैयारी को लेकर बुधवार को काफी संख्या में छठ व्रतियों ने स्नान कर सूर्य नमन किया। इसके अलावा अन्य छठ घाटों में भी छठ व्रतियों ने स्नान किया कर पूजा अर्चना कर अपने अपने घरों में पहुंचकर खरना खीर भोजन का आयोजन किया। जिसमें पूजा अर्चना के बाद खीर भोजन खरना करने के बाद लोगों के बीच महाप्रसाद खीर का वितरण किया।लोगों ने काफी संख्या में एक दूसरे के घरों में जाकर प्रसाद का ग्रहण किया।इसके साथ से गुरुवार को छठ महापर्व के तीसरे दिन सूर्य के पहले अर्घ्य की तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू हो गया है। बुधवार को पर्व को तैयारी को लेकर बाजारों में पूजन सामग्री, फल, टोकरी ,सूप आदि समानों की खरीददारी को लेकर काफी भीड़ भाड़ रही। इसके अलावा सूर्य के पहले दिन की तैयारी हेतु प्रखंड के सभी छठ घाटों को पूर्ण रूप से विद्युत सजावट किया गया है।


**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name and address of candidate **BIHARI KUMAR**, **At-Kedla Basti, Near Hanuman Mandir, Mandu, Dist-Ramgarh (Jharkhand)-825325.**

Name of political party: **JLKM**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election **GENERAL ASSEMBLY ELECTION 2024 (JHARKHAND)**

Name of Constituency :- **24, MANDU (JHARKHAND)**

I, **BIHARI KUMAR** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJM, RAMGARH | Mandu P.S. 98/2024 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 120(B), 414of the IPC & 30(ii) Coal Mines Act |
| 2. | ACJM, RAMGARH | Mandu P.S. 86/2022 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 147, 149, 341, 323 of the IPC |
| 3. | J.M. 1st CLASS RAMGARH | Mandu P.S. 142/2021 | CHARGE SHEET SUBMITTED | U/S 365, 511, 120 (B) of the IPC |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |
| NIL | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
BIHARI KUMAR
JLKM
ASSEMBLY ELECTION 2024 JHARKHAND

# हम काम के आधार पर वोट मांग रहे हैं : कल्पना

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आज अपने किये गये कामों के आधार पर वोट मांग रहे हैं। हम लोग जाति धर्म को लड़वाने की राजनीति नहीं करते। उक्त बातें झामूमों स्टार प्रचारक सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कही। कल्पना सोरेन कोनबीर स्थित एनएचपीसी मैदान में बुधवार को अपने सिसई विधानसभा के प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो के लिए एक चुनावी सभा में बोल रही थी। उन्होने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना चला कर महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने का काम किया है। वहीं, अबुवा आवास, मुख्यमंत्री सृजन योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, किशोरी संवृद्धि योजना जैसी कई महत्वकांक्षी योजना लाकर गरीब अमीर, युवा बुजुर्ग, किसान के साथ साथ सभी वर्ग समुदाय के हित में काम किया। 200 यूनिट फ्री बिजली, बिजली बिल बकाया माफी और 2 लाख तक के कृषि लोन को माफ करके हेमंत सरकार ने यह साबित किया है कि झारखंडियों का असल हितैषी कौन है। हेमंत सरकार ने 60 वर्षो के स्थान पर 50 साल में पेंशन शुरू कर दिया। इस तेज रफ्तार कार्य को देख कर भाजपा घबरा गयी और कार्यकाल पूरा होने से पहले ही चुनाव करा दिया।

उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि जब हेमंत सोरेन का काम लोगों को दिखाई देने लगा तो झूठे केस में फंसाकर उन्हें जेल भिजवा दिया। लेकिन जिसके पास सच्चाई की ताकत हो उसे कोई जेल नहीं रोक सकती। पांच साल में उनकी सरकार के द्वारा किये गये उपलब्धियों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार की योजनाएं आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार योजना के राहत गांव-गांव घर-घर तक पहुंच रहा है। कोरोना काल मे कुछ काम कम हुआ है पर उन्होंने विकास के कई काम किये हैं। काम को रोकने के लिए भाजपा वाले एड़ी चोटी लगा दिया पर हम रुके नहीं, महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य की महिलाओं को मंईयां समान योजना दिये, हमारी सरकार फिर से आती है तो सभी महिला को एक एक लाख सलाना देंगे, दिसंबर से एक हजार कि जगह ढाई हजार रूपये देना शुरू करेंगे, पहले बिजली आती नहीं थी अब बिजली आती है पर बिल नहीं आयेगा। अभी हमारा एक महीना और समय था। लेकिन भाजपा वाले एक महीना पहले चुनाव करा दिये। क्योंकि ये लोग नही चाहते हैं कि यंहा के आदिवासी मजबूत हो अपने पैरों में खड़ा हो, जब आपके दादा हेमंत की सरकार को गिरा नहीं पाये तो जेल भेज दिया। चुनाव आयोग का घंटा बजा दिया,जिसे कर्मचारी और गरीब गुरबा का आशीर्वाद प्राप्त हो उसका कोई बाल बांका नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा हमारा दादा ओर आपके चहेते जिग्गा सुसारन होरो को जीता कर हेमंत सोरेन को आशीर्वाद दीजिए। मौके पर विधायक जिग्गा सुसारण होरो, अभिषेक तिग्गा, अमित बघवार, अलीम खान सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता और हजारों महिला एवं पुरुष मौजूद थें।

## झामुमो के चुनाव कार्यलय का उद्घाटन



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के बारडीह और भीखमपुर में बुधवार को जारी प्रखंड के सैकडों झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। वही बरडीह में नुवेल लकड़ा के द्वार्रा फिटा काटा गया और भीखमपुर में मनीरा देवी ने फीता काटा। वही कार्यकर्ताओ ने गुमला विधानसभा के झामुमो के उम्मीदवर भूषण तिर्की के हित में वोट देने की बात कहीं। वही मौका पर फिलोमिना कुजूर, बिलसन लकड़ा, मनिरा देवी, समसुद्दीन अंसारी, एल्बियस कुजूर और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## डॉ अरुण उरांव के पक्ष में भाजपाइयों ने किया दौरा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर अरुण उरांव के पक्ष में लोहरदगा के भाजपाइयों ने सघन दौरा किया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य जितेंद्र महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बर्मन, ओम प्रकाश गुप्ता, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री परमेश्वर भगत, गंगा महतो ने सिसई के भाजपा कार्यालय में नेताओं के साथ जहां रणनीति बनायी। वहीं करौंदाजोर, बरटोली, पिलखी मोड, डोंबा, डाड़हा, नगर, पूसो आदि क्षेत्र के गांव, टोला, बस्ती,हाट बाजार, खेत खलियान एवं राहगीरों के बीच जाकर कमल फूल छाप में वोट देने की अपील की। वहीं वर्तमान राज्य सरकार की करतूतों की चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान सरकार में घुसपैठियों को लेकर हाईकोर्ट की टिप्पणी,बांग्लादेशी घुसपैठियों, धर्मांतरण, लैंड जेहाद, लव जेहाद, मंत्री अफसरो को जेल, बालू-पत्थर माफिया, तुष्टिकरण,भ्रष्टाचार- अत्याचार का संरक्षण यही सब इस सरकार में हुआ है। इसलिए विकास, जल, जंगल, जमीन, संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, को बचाने हेतु कमल फूल में वोट देने की अपील की।

## गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में छठ पर कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गोपाल साहू पब्लिक स्कूल घाघरा में बुधवार को छठ महापर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चे छठ पूजा का अवलोकन किया। नहाय खाय, खरना, संध्या अर्घ्य व सुबह का अर्घ्य से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय की निदेशक नीरज कुमार साहू ने कहा बच्चों को प्रत्येक पर्व त्यौहार की जानकारी हो सरहुल, करमा, दीपावली, दशहरा, छठ पूजा सहित सभी त्यौहार की जानकारी बच्चों में होनी चाहिए इसके निमित्त यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया और आने वाले समय में और भी त्योहारों के बारे में बच्चों को बताया जाएगा ताकि बच्चों का आस्था पर्व त्योहारो पर बना रहे। नीरज कुमार साहू, आनंद देवघरिया, शिवानी सिंह, ललित वर्मा, स्वाति कुमारी, दीपेश कुमार, आश्रिति कुमारी, पिंकी कुमारी, रितु कुमारी, अनीता देवी, अरुण सिंह व सूरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस प्रेक्षक, सामान्य प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक की बैठक

# सुरक्षा रणनीति पर विशेष चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आगामी विधानसभा चुनावों के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए गुमला जिले में सिसई/ बिशुनपुर/ गुमला विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त पुलिस प्रेक्षक राठौर किरीट कुमार हरिभाई, 68 गुमला सामान्य प्रेक्षक छोटे सिंह एवं सिसई/ बिशुनपुर/ गुमला विधानसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक राघवेंद्र पी की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य रूप से जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी, जिला पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, एसएसबी कमांडेंट सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहें। इस बैठक का उद्देश्य जिले की सुरक्षा व्यवस्था का गहन विश्लेषण कर चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराना था।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर एसडीपीओ चैनपुर ने जिले में सुरक्षा प्रबंधन, नाका एवं चेक पोस्ट की निगरानी, संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या सहित गुमला जिले के सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े रूप रेखा एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं से प्रेक्षकों को अवगत करवाया। इस दौरान बैठक में सुरक्षा को लेकर रणनीति पर भी विशेष चर्चा हुई, विशेष रूप से, अंतर-जिला सीमाओं पर निगरानी और क्षेत्रीय गश्त को लेकर पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिशा में महत्वपूर्ण तैयारियों पर चर्चा हुई, जिसकी विस्तृत जानकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गयी। गुमला जिला अंतर्गत कुल 202 क्रिटिकल बूथ है, एवं 18 रिलीकेटेड बूथ है, उक्त मतदान केंद्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से हो रही तैयारियों पर भी परिचर्चा हुई।

# चेंबर ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के बैनर तले बस स्टैंड स्थित चेम्बर कार्यालय से चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान निकाला गया। जिसमें गुमला चेम्बर के सभी पदाधिकारी शामिल हुये। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सभी गुमला के शहरवासी अपना मत जरूर करें। आपका मत, आपका अधिकार है। आने वाले 13 नवंबर को मतदान की तिथि सुनिश्चित है। इस दिन अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर अपने मत का प्रयोग करें। पहले मतदान करे, फिर जलपान करें। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आपका मत अतिआवश्यक है। छेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा मत करने का अधिकार पाँच वर्षों में एकबार मिलता है, इसे व्यर्थ न जाने दें। आप सभी का एक एक मत से राज्य का विकास होगा। राज्य के नव निर्माण में अपनी सहभागिता जरूर दें, और मत प्रतिशत को बढ़ाने में अपना योगदान दें।

मौके पर छेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता, पूर्व सचिव विनोद कुमार, अध्यक्ष दामोदर कसेरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलु वर्मा, पंकज खंडेलवाल, प्रतीक अग्रवाल, बृज फोगला, आनंद गुप्ता, प्रणय कुमार, रितेश कुमार, आदित्य गुप्ता, सुमित कुमार, दीपक कुमार, अमर मिंज मौजूद थे।

# बज्म-ए-रब्बानी कमिटी के अध्यक्ष पप्पू रब्बानी और साहेब सचिव बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** खानवादे रब्बानिया सिलसिले के मुर्शिद सरकार अल्हाज सैयद अहमद रब्बानी और सरकार अल्हाज मुफ्ती अमजद रब्बानी साहब की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक की शुरूआत दरूद व सलाम पढ़कर की गयी। जिसमें रब्बानियों की 2023-24 की कमेटी को भंग कर नई कमेटी 2024-25 का गठन किया गया। इस मौके पर सरकार अल्हाज अहमद रब्बानी अपने मुरीदन को कहा अल्लाह ने हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को सारी दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजा। नबी ने दुनिया को इंसानियत का संदेश दिया। हम सबको आपस में मिलजुल कर नबी के संदेशों को प्यार और मोहब्बत से सीखना और दूसरों को सीखना है। साथ ही साथ सरकार अल्हाज मुफ्ती सैयद अमजद रब्बानी ने पिछली कमेटी द्वारा साल भर में किये गये आयोजन जिसमें सालाना प्रोग्राम, सजराखानी, चादरपोशी, इस्लामिक क्वीज प्रतियोगिता, सदर अस्पताल के मरीजों में फल वितरण करना, जरूरतमंदों मरीजों में ब्लड डोनेशन करना, मदरसों और मकतबों में किताब वितरण करना,तरावीह की नमाज का आयोजनों और अन्य कार्यों का विवेचना किया और नई कमेटी का विस्तार कर सभी को कार्यों की जिम्मेदारी दी। सभी मुरीदीन सामाजिक कार्यों और सुन्नीयत पर रहकर इस्लाम की खिदमत करेंगे। इस मौके पर बैठक में जामा मस्जिद के इमाम एनाम रब्बानी, गौसिया मोती मस्जिद के इमाम जाहिद रब्बानी, इब्राहिम रब्बानी, कारी सरफराज रब्बानी के साथ रब्बानी सिलसिले के सैकड़ो मुरीदीन उपस्थित हुए बैठक की जानकारी प्रवक्ता मोहम्मद हसन अली रब्बानी ने दी। नई कमेटी में सरपरस्त इब्राहीम रब्बानी, एजाज रब्बानी बनाए गये। अध्यक्ष पप्पू रब्बानी, उपाध्यक्ष साजिद रब्बानी और एकलाख रब्बानी, सचिव आमिर रब्बानी सहसचिव शाहजहां रब्बानी, बबलू रब्बानी मनोनित हुए। खजांची तहसीन रब्बानी, सहायक खजांची रिंकू रब्बानी, सादिक रब्बानी चुने गए। प्रवक्ता हसन अली रब्बानी और साबिर रब्बानी को बनाया गया।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध दंपति घायल

भंडरा । भंडरा- चट्टी मुख्य पथ झारो देवी मंडप के समीप सड़क दुर्घटना में वृद्ध दंपति घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। बता दें कि लोहरदगा के ओयना पतरा टोली निवासी एनामुल अंसारी (65 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से अपनी पत्नी असीमा खातून (50 वर्ष) के साथ चट्टी की ओर जा रहे थे, इसी दौरान सड़क पर मवेशी दौड़ गया।


Format C1

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme court in WP(CIVIL) NO.536 OF 2011 (Public interest Foundation & Others Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Durgawati Oreya**
Name of Political Party: **"Independent"**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : **Member of the Legislative Assembly, Jharkhand**
Name of Constituency : **60- Khunti(S.T.)**

1. **Durgawati Oreya,** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents.

(A) Pending criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| | J.M.F.C. XIII | G.R. 2925/17 | Appearance | U/s 147,148,353,504,149 of the I.P.C. Unlawful assembly criminal force to deter public servant from is duty. |
| | | G.R. 2932/17 | Evidence | U/s 143,144,149,150,153, 279,353,120 B of I.P.C. Unlawful assembly want only giving provocation with intent to cause riot and criminal force to deter public servant from his duty. |

Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of Offence (s) and Punishment imposed. | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In the case of election to council of States or election to Legislative council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Sd/-**
**Durgawati Oreya**
**Independent**
**Jharkhand**



Format C1

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Mahesh Thakur, New Colony, P.O. -Barhi, P.S.- Barhi, Dist-Hazaribag- 825405**
Name of political party: **Nationalist Congress Party**
Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024**
Name of Constituency: **21 Barhi JHARKHAND**
**I Mahesh Thakur** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(5) Pending criminal cases
(i) I declare that there is no pending criminal case against me. (Tick this alternative if there is no criminal case pending against the Candidate and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)
OR
(ii) The following criminal cases are pending against me:
(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with name and address of Police Station concerned | Barhi Ps Case No-34/2019 | N.A | N.A |
| (b) | Case No. with Name of the Court | 34/2019S.D.J.M.Hazaribag | N.A | N.A |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | u/s 506/34of IPC | N.A | N.A |
| (d) | Brief description of offence | Threatening and abuse | N.A | N.A |
| (e) | Whether charges have been framed (mention YES or NO) | or witness | N.A | N.A |
| (f) | If answer against (e) above is YES, then give the date on which charges were framed | No | N.A | N.A |
| (g) | Whether any Appeal /application for revision has been filed against the proceedings (Mention) yes or no | No | N.A | N.A |

(6) Cases of conviction
(i) I declare that I have not been convicted for any criminal offence. (Tick this alternative, if the candidate has not been convicted and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)
OR
I have been convicted for the offences mentioned below:
(If the candidate has been convicted, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Case No. | N.A | N.A | N.A |
| (b) | with Name of the Court | N.A | N.A | N.A |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | N.A | N.A | N.A |
| (d) | Brief description of offence for which convicted | N.A | N.A | N.A |
| (e) | Dates of orders of conviction | N.A | N.A | N.A |
| (f) | Punishment imposed | N.A | N.A | N.A |
| (g) | Whether any Appeal /application for revisionhas been filed against the proceedings (Mention) yes or no | N.A | N.A | N.A |
| (e) | If answer to (g) above is yes, give details and present status of appeal | N.A | N.A | N.A |


**(6A)** I have given full and up-to-date information to my political party about all pending criminal cases against me and about all cases of conviction as given in paragraphs (5) and (6)
**[candidates to whom this Item is not applicable should clearly write NOT APPLICABLE IN VIEW OF ENTRIES IN 5(1) AND 6(i), above]**

**Sd./-**
**Mahesh Thakur**
**Nationalist Congress Party**
**21 Barhi Jharkhand**

## डॉ शशिभूषण मेहता ने गजबोर में भाजपा के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



पांकी, पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी विधानसभा क्षेत्र के पांकी मेदिनीनगर रोड़ गजबोर मे भाजपा का चुनावी कार्यालय खोला गया। उद्घाटन पांकी के भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने किया। इस अवसर पर डॉ शशिभूषण मेहता ने गठबंधन सरकार के कार्यशैली पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की जनता परिवर्तन के लिए मूड बना चुकी है। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विजय ठाकुर, विधानसभा प्रभारी अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, भाजपा महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, मंजू लता दुबे, नीलम देवी, रीमा शर्मा और शंकर प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे।









### भाजपा प्रत्याशी आलोक ने सतबरवा प्रखंड का किया दौरा

# विकास कार्यों का दिया ब्योरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सतबरवा प्रखंड में व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनता से मिलकर भाजपा के पक्ष में समर्थन की अपील की और अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने क्षेत्र में कई विकास कार्य करवाए हैं, जिन्हें वह जनता के सामने लेकर आये। विधायक आलोक ने दौरे के दौरान विभिन्न गांवों में लोगों से सीधा संवाद किया और उन्हें भाजपा के लिए समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी और जनता की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने का हर संभव प्रयास किया। उन्होंने जनता से कहा कि भाजपा का समर्थन करके वे विकास की इस गति को बनाए रख सकते हैं और क्षेत्र में नई उम्मीदों को जन्म दे सकते हैं।

**विकास कार्यों की गिनती :** आलोक ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनकी प्राथमिकता सड़क,बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं का सुधार रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में कई विद्यालयों का नवीनीकरण किया गया है और ग्रामीण इलाकों में बेहतर सड़क संपर्क सुनिश्चित किया गया है। भले ही भाजपा सरकार में नहीं है, लेकिन उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी जनता की आवाज को बुलंद किया और स्थानीय मुद्दों पर कार्य किया।

**स्थानीय समस्याओं पर विशेष ध्यान :** दौरे के दौरान, ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विधायक के सामने रखा, जिनमें से कई मुद्दों पर आलोक ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह सदैव क्षेत्र के हित में काम करते रहेंगे, चाहे सरकार में हों या विपक्ष में। उन्होंने युवाओं के रोजगार, किसानों की समस्याओं और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया और कहा कि वह इन मुद्दों पर लगातार काम करेंगे।

## भाजपा की हैट्रिक जीत होगी : नूतन रानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बिश्रामपुर के निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की पुत्रवधू नूतन रानी ने भाजपा की महिला नेत्रियों के साथ मंगलवार को बिश्रामपुर प्रखंड के बघमनवा पंचायत के सभी गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क चलाया। इस दौरान नूतन रानी ने लोगों से भाजपा प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी के लिए समर्थन मांगा। नूतन रानी ने बताया कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बिश्रामपुर को सुंदर और बेहतर बिश्रामपुर बनाने में दिन रात एक करी है। उन्होंने ने इस बार हैट्रिक जीत दर्ज होने की बात कही। मौके पर बघमनवा मुखिया मंजू देवी,मनीष कुमार, राजन पांडेय, राजन मिश्रा पुष्पा रानी, नीलम केशरी, गायत्री कुमारी, अंजली केशरी, लालती देवी,अरुण सिंह, दिलीप चंद्रवंशी, राहुल सिंह, मुकेश हरियाणा, रंभा कुमारी, आशुतोष कुमार सिंह, प्रकाश ठाकुर, शिव कुमार चौधरी, हेमंत कुमार, गुड्डु चंद्रवंशी, गुड्डु यादव, बबन बीन, जगा पासवान, विकास आदि मौजूद थे।

## जनसंपर्क अभियान के तहत ब्रह्मदेव प्रसाद ने जुटाया ग्रामीणों का समर्थन, की आमसभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी और ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने पूरे विस क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान उन्होंने कई गांवों का दौरा कर क्षेत्रीय विकास,जनहित के मुद्दों और सामाजिक एकता पर जोर दिया। जनसंपर्क अभियान के तहत बीडी प्रसाद ने विश्रामपुर प्रखंड एवं मझिआंव प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा का लोगों से समर्थन की अपील किया। उन्होंने कहा कि बारी बारी से दोनों चाचाओं को मौका दिया। लेकिन विश्रामपुर आज भी विकास की वाट जोह रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में आज भी यहां के किसान वर्षा के पानी पर आश्रित है। अगर यहां के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाए तो निश्चित तौर पर यह पूरा इलाका पंजाब और हरियाणा से कम नहीं है। इस दौरान श्री प्रसाद ने बरवाही, पचामा, कुटुमू, फुलिया, तीसीबार, ढांचाबार, डाला, बसडीहा, बढ़ीहा, भटवलिया, कुड़वा, छोटी महुगावां, कोल्हू, पांडू, गगनकेड़ी, मूसा, कजरुकला, रतनाग, गुवासरई और बेलहारा जैसे गांवों में पहुंचे। उन्होंने गांव-गांव जाकर जनता के साथ संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना। ब्रह्मदेव प्रसाद जी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे और ओबीसी एकता अधिकार मंच के माध्यम से समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज बुलंद करेंगे।

## कोयल नदी का पानी देना गारंटी है : जागृति



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में बहु बेटियों को नहीं ढोना पड़ेगा पानी इसकी गारंटी है। गर्मी के दिनों में छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं कोयल नदी में चिलचिलाती धूप में पानी पीने के लिए लाने जाती हैं। पीने का पानी हो या किसानों के लिए सिंचाई कि समस्या हो इस पर कोई जन प्रतिनिधि ने कार्य पूरा नहीं किया। इस बार क्षेत्र में अगर विकास देखना चाहते है तो इवीएम मशीन के 11 नंबर पर डीजल पंप छाप निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाये। मौके पर साहिल खान, सुहैल खान,सोनू भुइयां, एजाज खान, गुडडू रवि,मोहित चंद्रवंशी, रोहित रजक, विजय राम, सहित कई लोग मौजूद थे।

## छठ व्रतियों के बीच फलहरी का वितरण

**हुसैनाबाद।** थाना परिसर में छठ व्रतियों के बीच फलहरी का वितरण किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने कहा कि छठी मईया सभी के मनोकामना को पूर्ण करें। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के अलावा चौकीदार सैयद मोहम्मद हुसैन, अमीत पासवान, पप्पू कुमार, छोटू चंद्रवंशी, चालक सुरेंद्र पाल, मुंशी उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## आम के हरे पेड़ से धरती का और सूखे पेड़ से ब्रह्मांड का प्रदूषण दूर होता है: डॉ कौशल



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रांची रोड रेडमा दो नंबर टाउन में जायसवाल टिंबर नये प्रतिष्ठान परिसर में पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल, डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल व छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ संयुक्त रूप से छठ व्रतियों के बीच आम की सुखी लकड़ियां वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि आम के हरे पेड़ से धरती और सूखे पेड़ से ब्रह्मांड का प्रदूषण मुक्त होता है। मौके पर अरुण कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद थे।












### Format C-2

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024**

Name of the State/UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of candidate | (A)Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| Sl. No. | | | Name of Court. Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts & concerned brief description of offence(s) | Name of The Court & Date (s) of Order (s) | Description of offence (s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | **06-MAHESHPUR (ST)** | **STEPHEN MARANDI** | **SDJM, DUMKA Maheshpur PS case No. 168 of 2019 GR Case No.- 08 of 2022. For Appearance** | **U/S - 188 & 171(F) of the IPC. For using the vehicle without permission or authorization for election campaigning** | **NA** | **NA** | **NA** |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency.

Sd./-

**JHARKHAND MUKTI MORCHA**

JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024

JHARKHAND







## जनता से मिल रहा है समर्थन : अजय दुबे



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने टिकियापाड़ा सहित विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के बाद धनबाद लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने छठ व्रत्तियों से मिलकर आशीर्वाद लिया। धनबाद विधानसभा की सर्वांगीण विकास के साथ-साथ बेहतर धनबाद बनाने की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान सभी समुदायों के लोगों का अपार समर्थन मिल रही है। इस चुनाव में धनबाद की जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिला तो निश्चित रूप से धनबाद की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ लोगों के बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रयास करने के साथ बेहतर धनबाद बनाना मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर मुख्य रूप से धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष रशीद रजा अंसारी सुंदर यादव निसार आलम अफजल खान प्रभात सुरोलिया मुमताज कुरैशी हुमायूं राजा गणेश यादव साहिर खान शब्बीर अंसारी इलियास भाई राजू भाई सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## शिक्षकों ने दिया भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को 'विजयी भव' का आशीर्वाद




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जनसंपर्क के दौरान राज सिन्हा का धनबाद कोचिंग एसोसिएशन मासिक बैठक में पहुंचे। जहां शिक्षकों ने विजय भवः का आशीर्वाद दिया। वही भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के सबसे बुद्धिजीवी वर्ग का जब मुझपर अटूट विश्वाश और भरोसा देखता हूं, तो आप सबके प्रति मेरी जिम्मेवारी कई गुना बढ़ जाती है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप सबका जो भरोसा है, कभी टूटने नहीं दूंगा, हर सुख-दुख में आप सबके साथ खड़ा रहूंगा। वहीं धनबाद कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सभी का अभिनंदन किया। कहा कि जरूरतमंद बच्चों के हित के लिए उन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु जगह की मांग की। धनबाद कोचिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कुमार प्रशांत ने मिले कोचिंग संचालकों के लिए के शिक्षा में भागीदारी पर प्रकाश प्रकाश डालते हुए उनके योगदान सम्मान पर अपने विचार रखें। इस मौके पर सम्मानित शिक्षक गण में नीरज कुमार, आलोक कुमार, जयप्रकाश रवानी, संतोष कुमार, चंद्र प्रकाश, राजू शाह, मृत्युंजय पांडे, शुभम कुमार, अशोक कुमार रजक, नीरज कुमार वर्मा, अवधेश कुमार, अमरनाथ चंद्र, सोनू कुमार, मेघा गुप्ता, गोपाल, डॉक्टर आरपी सिंह अमरजीत कुमार डॉ आशीष रंजन संतोष सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार, अभिषेक कुमार, विष्णु शंकर सिंह, आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

### प्रत्याशियों के जनसंपर्क अभियानों ने पूरी तरह गरमा दिया है माहौल

# बाघमारा में रोमांचक होगा त्रिकोणीय मुकाबला, उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास ।** धनबाद जिला के 6 बिधान सभायो में सबसे अधिक दिलचस्प और देखने योग्य मुकाबला बाघमारा विधानसभा में होने वाला है ,क्योकि इस बार एक निर्दलीय पार्टी के नेता ने कई बड़े बैनर वालो की नींद उड़ा रखा है। एक ओर भाजपा ने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न महतो को अपना बाघमारा प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने पिछले एक दशक में दो बार चुनावी मात खा चुके पूर्व विधायक जलेश्वर महतो को फिर से मैदान में उतारा है। क्योकि हाल ही में आरजेडी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए रोहित यादव को कांग्रेस से टिकट न मिलने पर उन्होंने निर्दलीय पार्टी से चुनाव मैदान में उतरकर बिरोधियो को चारों खाने चित करने को ठान लिया है।

हलाकि निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव का क्षेत्र में पुरजोर तुफानी दौरा देख कर कई विरोधी पाटीयों ने अपना दौरा और जनसंपर्क कुछ कम कर दिया है। भटमुरना निवासी सांसद ढुल्लू महतो के करीबी राजन सेठ ने निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव को समर्थन करने की घोषणा कर दी है।

**जदयू के दीपनारायण ने रोहित यादव को दिया समर्थन:** जदयू प्रदेश महासचिव सह टुंडी से निर्दलीय प्रत्याशी दीपनारायण सिंह से बाघमारा विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने मुलाकात कर समर्थन मांगा।

## निर्दलीय प्रत्याशी कुमार कौशल ने चलाया जनसंपर्क अभियान



धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद विधानसभा के लोकप्रिय समाजसेवी निर्दलीय प्रत्याशी कुमार कौशल ने बुधवार को विभिन्न स्थानों में जनसंपर्क अभियान किया। मनइटांड, तार बागान, गणेश यादव के खटाल में उनके समर्थको ने भव्य स्वागत कर मुंह मीठा कराया। जनसंपर्क क्रम में बारामुड़ी के निवासी बसंत कुमार यादव से मिलकर वोट मांगे वहां उपस्थित बड़े बुजुर्गों ने विजयी होने का आशीर्वाद दिये। सुगियाडीह के खेदन महतो से समर्थन मांगा, जहां उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वहां समर्थको ने सभी लोगों से क्रम संख्या 12, चारपाई छाप पर बटन दबा कर अधिकतम वोट से जिताने का आग्रह किया। जनसम्पर्क अभियान में पटेल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक दामोदर प्रसाद, ओबीसी के महासचिव गोपाल यादव, सुदीस्ट कुमार थे।सभी ने मतदाताओं को कुमार कौशल के द्वारा पूर्व में किए गए क्षेत्र के विकास के लिए योगदान व सामाजिक कल्याणकारी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और कुमार कौशल के पक्ष में धनबाद विधानसभा के क्षेत्रों में मतदाताओं से वोट मांगे।

## अपर्णा सेनगुप्ता के समर्थन में आये सांसद ढुलू महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**निरसा।** निरसा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता के आवासीय कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में प्रेस के माध्यम से निरसा क्षेत्र के मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे सभी एकजुट होकर भाजपा की उम्मीदवार श्रीमती अपर्णा सेनगुप्ता को भारी मतों से जीत दिलाएं। सांसद ढुलू महतो ने कहा, लाल झंडा वाले लोग हमेशा अपनी राजनीति के लिए काम करते आए हैं, आज तक उन्होंने एक भी नया कारखाना स्थापित नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा, यह अच्छा हुआ कि केंद्र में भाजपा की सरकार आई और निरसा को एमपीएल जैसे प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान का लाभ मिला, लेकिन अब हमें यह सुनिश्चित करना है कि निरसा के विकास के लिए और ज्यादा कदम उठाए जाएं। इसलिए, मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे श्रीमती अपर्णा सेनगुप्ता को समर्थन दें और उन्हें चुनाव में विजयी बनाएं।

## रागिनी सिंह ने छठ घाटों पर किया श्रमदान



झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया कोयलांचल मे महापर्व बड़े उत्साह और धूम-धाम से मनाया जाता है। बुधवार को एन डी ए झरिया प्रत्याशी रागिनी सिंह ने शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण करके वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया। घाटों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। तालाबों के जल को शुद्ध रखना हम सभी का फर्ज है।

## निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन




महुदा (आजाद सिपाही)। बाघमारा से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव त्रिकोणीय मुकाबला बनाने में जुटे हुए हैं। चुनाव घोषणा के बाद से ही वे बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाते आ रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के महुदा स्थित तेलमोचो, कुंजी एवं महुदा मोड़ समेत अन्य इलाके में आमसभा के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके बाद महुदा मोड़ में एक चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना हमारा लक्ष्य है और इसी के साथ चुनावी मैदान में जनता के आशीर्वाद के कारण खड़े है। मौके पर कार्यालय के प्रभारी राजू महतो, हीरा रवानी, निमाई महतो, बबलू साव, भोला रवानी, हीरा देवी समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## वृद्धाश्रम में मनी स्व. आरके प्रसाद की तीसरी पुण्यतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** बिहार श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष स्व.आर के प्रसाद की तीसरी पुण्यतिथि लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में मनायी गयी। मौके पर स्व. आर. के. प्रसाद के पुत्र विजय कुमार सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा, सत्येंद्र सिन्हा, विश्वजीत सिन्हा, सक्षम सिन्हा, समर्थ सिन्हा, सौरभ सिन्हा, पुत्री रेखा सिन्हा, पुत्र वधू संगीता सिन्हा, श्वेता सिन्हा, दीपक प्रमाणिक, आश्रम के अध्यक्ष मो.नौशाद गद्धी, सुधीर बरनवाल सहित सिन्हा परिवार के सदस्यों एवं आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों ने भी सर्व प्रथम स्व.आर.के.प्रसाद की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं आपको बता दें कि स्व.आर. के. प्रसाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बिहार श्रमिक संघ यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष थे उन्होंने मजदूर हित के लिए, मजदूर भलाई के लिए बहुत सारे ऐसे कार्य किए जिसे मजदूर जगत कभी भुला नहीं सकता। आज हम अपने मामा का तीसरा पुण्यतिथि आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों को भोजन कराकर मना रहे हैं।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।
(जिला निर्वाचन शाखा)

आदेश

मैं, मेघा भारद्वाज, भा०प्र०से० जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा; लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के अधीन विधान सभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित मतदान कार्य हेतु कोडरमा जिलान्तर्गत सभी 628 मतदान केन्द्र के 445 भवनों को दिनांक 12–11–2024 से 13–11–2024 तक के लिए अधिग्रहित करती हूँ।

संबंधित कार्यालय/ संस्थान के प्रधान को आदेश देती हूँ कि मतदान कार्य हेतु वे संबंधित मतदान केन्द्र भवनों को दिनांक 12–11–2024 से 13–11–2024 तक के लिए जिला प्रशासन कोडरमा को उपलब्ध करा देंगें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 339924 (Election) 24-25 (D)


## डॉ लंबोदर महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान, काम के आधार पर मांगा वोट

मिलन समारोह में सैकड़ों महिलाओं-पुरुषों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

दारीद, उत्तासारा, उलगढ्ढा, ओरदाना व चरगी पंचायत में चला जनसंपर्क



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोमिया।** गोमिया विधायक सह एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो ने आज अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान मतदाताओं के बीच कहा कि हमने बतौर विधायक झारखंड विधानसभा में गोमिया विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को पुरजोर तरीके उठाकर समाधान कराने में सफल रहा हूं। हमने विधानसभा की सभी सत्रों का गोमिया की जनता के हितों की रक्षा हो, इसको लेकर अपनी शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई है और यह सब आप सबों की ताकत व आशीर्वाद के बल पर मैं कर पाया। साथ ही उन्होंने दारीद, उत्तासारा, उलगढ्ढा, ओरदाना व चरगी पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों के ग्रामीणों से मिलकर अपने पक्ष में वोट मांगा। इससे पहले मेलाटांड़ घासी टोला में सैकड़ो महिला व पुरुष ने डॉ लंबोदर महतो पर आस्था व्यक्त करते हुए आजसू पार्टी का दामन थामा। इस चुनावी जनसंपर्क अभियान में दिनेश कुमार गुप्ता, सचिन सेठी , संटू सिंह, गौरव नाथ, राजू महतो, भोला महतो, बबलू अंसारी, मोतीलाल तुरी, चरकू करमाली, पिंटू कुमार, देवेंद्र महतो, नितेश कुमार, महेश महतो, कपिल महतो, सुरेश महतो, कपिल महतो, जगेश्वर महतो, प्रभु दयाल महतो, संजय रजवार, भरत रजवार, अरुण रजवार, राजेंद्र रजवार, महावीर मांझी, इरशाद अंसारी, धनलाल महतो, गोपाल महतो, सुलेखा देवी, बीना देवी, सीमा देवी व आनंद महतो सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## प्रत्याशी वाणी देवी का तोपचांची प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तोपचांची।** टुंडी विधानसभा के फारवर्ड ब्लाक प्रत्याशी बाणी देवी ने तोपचांची प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलायी और मतदाताओं से अपने पक्ष में शेर छाप चुनाव चिन्ह पर मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान मानटांड, डोमटोला, धीवर टोला तोपचांची, रंगरीटांड, बुचाकुली कलालीबाड़ी, तोपचांची, दुमदुमी करमाटांड, मंझलाड़ीह, धाजाटांड, मदैयडीह, संथालडीह, ठाकुर टोलाआदि गांव का दौरा किया। इस दौरान प्रत्याशी वाणी देवी ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में पानी, बिजली, शिक्षा स्वास्थ्य, किसानों के लिए सिंचाई व्यवस्था तथा महिला सशक्तिकरण और बेरोजगार युवाओं को रोजगार की समुचित व्यवस्था नहीं है। मैं अगर चुनाव जीतुंगी तो इन समस्याओं का समाधान करूंगी। इसके अलावे टुंडी विधानसभा को पूरे झारखंड में मॉडल विधानसभा बनाऊंगी। क्षेत्र भ्रमण और दौरा में नारायण रजवार, राजेश महतो, बबलू प्रमाणिक, अमर धीवर, कृष्णा धीवर, संजय सिंह, बसंत शर्मा, दूधनाथ महतो, मंगर महतो, गिरधारी महतो, खुशबू देवी, उमाकांत महतो, प्रभु महतो, संतोष महतो, बिजली देवी हुलास महतो, प्रकाश महतो राजकुमारी देवी, दीपक महतो सरमिली देवी,शीला देवी, रीता देवी, उर्मिला देवी, देवकी देवी, चिंता देवी, किशुनराम महतो, सूरज बाऊरी, अंकित भारती, प्रकाश ठाकुर, भूतनी देवी मौजूद थीं।


प्रारूप C–1

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )

आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

उम्मीदवार का नाम और पताः मनोज कुमार चन्द्रा, ग्राम.+पो.+ पंचायत – पुण्डरा, थाना– सिमरिया, जिला–चतरा, पिन कोड – 825103, झारखंड ।
राजनीतिक दल का नामः झारखंड मुक्ति मोर्चा
निर्वाचन का नामः झारखंड विधानसभा 2024
निर्वाचन क्षेत्र का नामः 26 – सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)
मैं मनोज कुमार चन्द्रा, (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ–

(A)लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एंव तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.जे.एम. कोर्ट, चतरा, G. R. मामला सं0–885/2016 | थाना – टण्डवा जिला – चतरा कांड संख्या – 117/2014 | मामला निपटाया गया (25.04.2022) | आई.पी.सी.– 143/144/145/147/148/149/152/341/323/353/283 |
| 2. | एस.डी.जे.एम कोर्ट, हजारीबाग, G. R. मामला सं.–1822 /2024 | थाना – टण्डवा जिला – चतरा कांड संख्या – 113/2014 | धारा 313 सी. आर. पी. सी. के तहत बयान | आई.पी.सी.– 143/144/145/147/148/149/152/341/323/353/427/283/188/337 |
| 3. | सी.जे.एम. कोर्ट, हजारीबाग, Protest. मामला सं.– 1387 /2019 | थाना – सदर, जिला – हजारीबाग, कांड संख्या – 403 /2018 | आरोप से पहले सबूत | आई.पी.सी 149/323/365/362/354/386/120(B) |
| 4. | एस. डी. जे.एम. कोर्ट. हजारीबाग, G. R. मामला सं.– 1809/ 2024 | थाना – टण्डवा जिला – चतरा कांड संख्या – 143 /2024 | हाजिरी | आई.पी.सी.– 143/144/145/147/148/188/283/341/323/353 |

(B) दंडनीय अपराधो के लिए सजा के प्रकारणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

ह0/–
मनोज कुमार चन्द्रा
झारखंड मुक्ति मोर्चा
26–सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)

## उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त से मुलाकात की

# ओड़िशा पर्यटन को वैश्विक बनाने पर चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पर्यटन क्षेत्र को और विकसित करने के लिए उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने यूनाइटेड किंगडम का दौरा किया है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने यूनाइटेड किंगडम में भारतीय उच्चायोग के विक्रम दोराईस्वामी से मुलाकात की। इसके साथ ही विकास आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिक सचिव अनु गर्ग, पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं प्रशासनिक सचिव बलबंत सिंह, पर्यटन विभाग के निदेशक समर्थ वर्मा, मुख्यमंत्री कार्यालय अतिरिक्त प्रशासनिक सचिव अनुपम साहा, प्रमुख वरिष्ठ अधिकारी साक्षात्कार के समय उपस्थित थे।

कार्यक्रम में यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय आगंतुकों के बीच ओडिशा की समृद्ध संस्कृति, विरासत, कला और सुंदरता को बढ़ावा देने पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर उच्चायुक्त दोराईस्वामी ने पर्यटन संचालकों और गंतव्य प्रबंधन कंपनियों (डीएमसी) के साथ साझेदारी में ओड़िशा के पर्यटन को जन-उन्मुख बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने ओड़िशा की पर्यटन नीति पर प्रकाश डाला, जिसने अधिक से अधिक निवेशकों को आकर्षित किया है। उन्होंने इको-टूरिज्म, हेरिटेज टूरिज्म और स्वच्छता को प्राथमिकता दी। उन्होंने विशाल समुद्र तटों, घने जंगलों, अभयारण्यों, मंदिरों, समृद्ध हस्तशिल्प और कला जैसी ओडिशा की अद्वितीय संपदा पर प्रकाश डाला।

दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री श्रीमती परिडा ने यूनाइटेड किंगडम के केंट में 'चिलिका' नामक एक रेस्तरां का उद्घाटन किया, जो एशिया की सबसे बड़ी खारी झील चिलिका से प्रेरित था। उक्त रेस्तरां में भारतीय भोजन के साथ-साथ ओड़िशा का समृद्ध व्यंजन भी उपलब्ध है।

उपमुख्यमंत्री श्रीमती परिडा ने बेक्सले के मेयर, परिषद के प्रमुख और यूके की ओडिशा सोसाइटी के कार्यकारी अधिकारियों के साथ ओडिशा की संस्कृति के बारे में संदेश दिया।

गौरतलब है कि ओड़िशा पर्यटन ने ओड़िशा की अनूठी संस्कृति को विश्व बाजार में पेश करने के लिए वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट (डब्ल्यूटीएम) लंदन-2024 में भाग लिया है। यह कार्यक्रम ओड़िशा के पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आशा है कि इससे ओडिशा और यूनाइटेड किंगडम के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और निवेश के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

# निफ्ट का दीक्षांत समारोह नौ को

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी निफ्ट भुवनेश्वर ने 9 तारीख को आइएमएमटी-सीएसआइआर ऑडिटोरियम में अपना दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है।। इस अवसर पर 168 स्नातक और 20 स्नातकोत्तर छात्रों सहित 196 छात्रों ने अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे। उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और निफ्ट के महानिदेशक तनु कश्यप छात्रों को डिग्री प्रदान करेंगे। भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के प्रतिष्ठित संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) भुवनेश्वर ने राज्य और देश में फैशन शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। निफ्ट भुवनेश्वर के परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में निदेशक राजेश कुमार झा ने फैशन उद्योग में करियर के अवसरों और 2025 निफ्ट प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में लक्षित पहल पर प्रकाश डाला। 1986 में स्थापित, निफ्ट भारत में फैशन के क्षेत्र में शिक्षा शुरू करने वाला पहला संस्थान था और इसने विश्व स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया है।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने अनाथालय को दिया सहयोग




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएसएलसी), एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, रांची ने एक अनाथालय को अपना सहयोग देते हुए बुनियादी ढांचे की वस्तुएं दान की हैं, जिसमें बच्चों के लिए किराने का सामान और नाश्ता रखने के लिए लोहे की रैक शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य रांची के आदिम जाति सेवा मंडल अनाथालय में रहने वाले 35 बच्चों के रहने की स्थिति में सुधार लाना है। इस पहल का नेतृत्व स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने किया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गयी, जिनमें उपाध्यक्ष सिखा रस्तोगी (कल्याण प्रभारी), पूर्णिमा श्रीखंडे (सांस्कृतिक प्रभारी), महासचिव दीपा केशरी और सांस्कृतिक सचिव अनीता प्रसाद शामिल थीं।

# मुख्यमंत्री ने 1.31 लाख श्रमिकों को खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल करने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को लोक सेवा भवन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा की और खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण विभाग को लाभार्थियों को तीन महीने का चावल अग्रिम रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक लाभुक को तीन माह (अक्टूबर से दिसंबर) तक 15 किलो चावल मिलेगा। गौरतलब है कि यह प्रक्रिया अक्टूबर से शुरू हो गयी है, लेकिन 40 लाख परिवारों को अब तक चावल नहीं मिला है। इसलिए मुख्यमंत्री ने इन परिवारों को तुरंत चावल बांटने का आदेश दिया है। बैठक की चर्चा से पता चला कि राज्य सरकार ई-श्रमिक के रूप में पंजीकृत सभी श्रमिकों को सामान्य वितरण प्रणाली में शामिल करने के लिए कदम उठा रही है। ई-श्रमिक में पंजीकृत एक करोड़ 30 लाख श्रमिकों में से लगभग सभी को कवर किया जा चुका है, जबकि 1 लाख 31 हजार श्रमिक बचे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इन्हें तत्काल राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल करने का निर्देश दिया। बैठक में वन नेशन वन राशन प्रणाली पर भी चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने अन्य राज्यों में रहने वाले उड़िया प्रवासियों के ई-केवाइसी में तेजी लाने का सुझाव दिया। बैठक में खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव निकुंज बिहारी धल, खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण विभाग के प्रधान सचिव वीर बिक्रम यादव उपस्थित थे।

# वेदांता एल्युमीनियम के मेटल बाजार में एसएमइ उपयोगकर्ताओं की संख्या में 35% की वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा की है कि उसका ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, मेटल बाजार, छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमइ) के खरीद व्यवहार को बदलने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। लॉन्च होने के सिर्फ. छह महीनों में, एसएमई उपयोगकताओं में 35% की वृद्धि हुई है, और सक्रिय उपयोगकताओं में 240% की वृद्धि हुई है। बिना किसी खरीद सीमा या कैप के, मेटल बाजार व्यवसायों को उनकी जरूरत के हिसाब से एल्युमीनियम तक सीधी पहुँच प्रदान करता है, जिससे तीसरे पक्ष के बिचौलियों की जरूरत नहीं पड़ती,




जो छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए विशेष रूप से मददगार है। यह सुव्यवस्थित, वन-स्टॉप समाधान छोटे व्यवसायों को खरीद की जटिलताओं के बजाय विकास पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बना रहा है। वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता मेटल बाजार सिर्फ एक प्लेटफॉर्म नहीं है; यह एल्युमीनियम खरीद के तरीके में एक क्रांति है। हमारा समाधान खरीद यात्रा को सरल बनाता है और हमारे ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य जोड़ता है। हम जो मजबूत अपनापन देख रहे हैं, वह भारत में सभी आकारों के व्यवसायों की उभरती जरूरतों के साथ प्लेटफॉर्म के संरेखण का प्रमाण है, और हम अपने ग्राहकों को और भी बेहतर सेवा देने के लिए इसे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।





## कॉलेज में रैगिंग की घटना

# 4 विद्यार्थी एक साल के लिए कॉलेज से निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्योंझर सरकारी डिग्री इंजीनियरिंग कॉलेज में रैगिंग के मामले में कार्रवाई हुई। 4 छात्रों को एक साल के लिए कॉलेज से निलंबित कर दिया गया है। एक अन्य छात्र को पहले ही निलंबित कर दिया गया था। कॉलेज प्रशासन पांचों आरोपी छात्रों को पुलिस स्टेशन लाया गया। द्वितीय वर्ष के खनन इंजीनियरिंग के छात्र को वरिष्ठ छात्रों ने पिटाई करने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आधी रात को हॉस्टल का दरवाजा तोड़ कर सीनियर छात्रों ने लोहे की रॉड और लाठियों से पीटा की। छात्रा को गंभीर हालत में जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। छात्र ने पहले कॉलेज के अधिकारियों को सूचित किया था कि वह रैगिंग का शिकार हुआ है, लेकिन कॉलेज के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई करने के बजाय उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। परिवार ने आरोप लगाया कि कॉलेज अधिकारियों की खामोशी के कारण इसी स्थिति पैदा हुई है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**